वर्ष : 03
अंक : 35
पृष्ठ : 08
मूल्य : तीन रुपये

वाराणसी, रविवार, 26 मई, 2024

लोकतंत्र की निष्पक्ष आवाज

परिवर्तन दूत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2023/84879

4 पूरब और पश्चिम में बदलता...

mail : pdnewsvns@gmail.com e-paper:www.parivartandoot.com

वेलकम टू द जंगल में जैकी... 7

संक्षिप्त खबरें

भारतीय को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

नयी दिल्ली। 77वें कांस फिल्म फेस्टिवल में कोलकाता की रहने वाली एक्ट्रेस अनसुइया सेनगुप्ता ने बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड अपने नाम किया है। अनसुइया को यह अवॉर्ड अन सर्टेन रिगार्ड सेगमेंट में फिल्म 'द शेमलेस' में उनकी परफॉर्मेंस के लिए मिला है। इसके साथ ही वे कांस के इतिहास की पहली भारतीय एक्ट्रेस बन गई हैं जिन्हें इस अवॉर्ड से नवाजा गया है। अनसुइया ने यह अवॉर्ड दुनियाभर में समलैंगिक समुदाय और हाशिए पर रहने वाले अन्य समुदायों को समर्पित किया है। एक्ट्रेस ने स्टेज पर कहा कि ये सभी समुदाय बहादुरी से एक ऐसी लड़ाई लड़ रहे हैं जो उन्हें नहीं लड़नी चाहिए। उन्हें समाज में बराबरी का हक पाने के लिए लड़ना पड़ रहा है।

प्रज्वल को देवगौड़ा ने विदेश भेजा

कर्नाटक। सिद्धारमैया ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के परिवार को पोते सांसद प्रज्वल रेवन्ना के देश छोड़ने की बात पता थी, क्योंकि सेक्स वीडियो और मारपीट के आरोप प्रज्वल से जुड़े हुए हैं। सिद्धारमैया ने कहा, "मुझे लगता है कि देवेगौड़ा ने ही प्रज्वल को देश से बाहर भेजा था। क्या प्रज्वल ने अपने परिवार की जानकारी के बिना देश छोड़ दिया? क्या वह बिना किसी को बताए चला गया?" उन्होंने कहा कि सेक्स वीडियो वायरल होना मामले का महत्वपूर्ण पहलू नहीं है। सबसे बड़ा अपराध रेप है। इस बात को कमजोर करने के लिए कुमारस्वामी दूसरी बातें बोल रहे हैं। वे डिप्टी डी के शिवकुमार और दूसरे लोगों पर सेक्स वीडियो लीक करने का आरोप लगा रहे हैं। सिद्धारमैया ने कहा कि कुमारस्वामी को देश के कानून का सम्मान करना होगा।

एप से आवाज बदलकर 7 छात्राओं से दुष्कर्म

सीधी। जिले के मझौली थाना क्षेत्र में आवाज बदलने वाले मैजिक वॉइस एप के जरिए तीन आरोपियों ने 7 से अधिक कॉलेज छात्राओं को झांसा देकर उनके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी एप से कॉलेज टीचर बनकर महिला की आवाज में बात करते और स्कॉलरशिप के लिए दस्तावेज मंगवाने के नाम पर सुनसान जगह बुलाते थे। शक न हो, इसके लिए उन्हें पहले ही बता देते कि उन्हें तय स्थान पर लेने के लिए एक लड़का बाइक से आएगा जो उन्हें टीचर के पास पहुंचा देगा। मामले की सभी पीड़िताएं एसटी वर्ग की हैं। आरोपी उन कॉलेज छात्राओं को निशाना बनाते थे, जहां स्कॉलरशिप मिलती है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ऐसा निंदनीय कार्य करने वाले समाज के दुश्मन हैं। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आठ राज्यों की 58 सीटों पर 58.82 प्रतिशत मतदान

बंगाल में भाजपा कैंडिडेट पर हमला, पार्टी ने टीएमसी पर आरोप लगाया

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के छठे फेज में शनिवार को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग शाम 6 बजे खत्म हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, शनिवार को 58 सीटों पर शाम 6 बजे तक 58.82% वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 78.19% और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 51.41% मतदान हुआ। पांच फेज में 429 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 56 सीटों पर वोटिंग होगी।

पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा उम्मीदवार प्रणंत टुडू पर हमला हुआ। पत्थर लगने से दो उक्त्रक्र के जवान घायल हो गए। मतदाताओं को धमकाए जाने की शिकायत मिलने के बाद टुडू गरबेटा में एक बूथ का दौरा कर रहे थे। प्रणंत टुडू की कार में भी तोड़फोड़ की गई है। भाजपा ने टीएमसी पर हमले का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग ने इस पर कहा- वोटिंग शुरू होने से पहले कैंडिडेट के

एजेंट साइन करते हैं। इन सेंटर्स पर टीएमसी के एजेंट मौजूद नहीं थे, इसलिए सिर्फ भाजपा एजेंट्स के साइन हैं। पश्चिम बंगाल के तमलुक में वोटिंग से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक टीएमसी समर्थक घायल हो गया। यहां से कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज भाजपा के प्रत्याशी हैं।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी से पीडीपी की प्रत्याशी महबूबा मुफ्ती धरने पर बैठ गईं। उन्होंने एश्ट के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल फोन का आउटगोइंग कॉल बंद करने का आरोप लगाया है। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40, बसपा 4, बीजेडी 4, सपा 1, जदयू 3, टीएमसी 3, एलजेपी और आजसू ने 1-1 सीट जीती थीं। कांग्रेस और आप को एक भी सीट नहीं मिली थी। लोकसभा चुनाव के छठे फेज में जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर 53 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 35 साल में सबसे अधिक है। साल 1996 में यह आंकड़ा 50 प्रतिशत था। कुल मिलाकर जम्मू और कश्मीर की सभी पांच संसदीय सीटों पर मतदान 58 प्रतिशत था, जो 2014 में दर्ज 49.58 प्रतिशत और 1996 में 47.99 प्रतिशत को पार कर गया। अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर वोट डालने के बाद एक कश्मीरी हिंदू वीर सराफ ने कहा कि मैंने 32 साल बाद कश्मीर में अपना वोट डाला है।

पंजाब के चार टूरिस्ट की कश्मीर में मौत

जालंधर। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के मीर बाजार एरिया में पंजाब से घूमने गए पर्यटकों की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। इस घटना में 4 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें लोगों ने रेस्क्यू कर अस्पताल में इलाज के लिए भेजा। दुर्घटनाग्रस्त हुई गाड़ी एक स्कॉर्पियो है। यह गाड़ी पंजाब के जीरा क्षेत्र की है। घटना तवी ग्रिड स्टेशन मीर बाजार के पास नेपोरा के सामने हुई। इसके बाद मौके पर लोगों का जमावड़ा लग गया था। जानकारी के अनुसार, मौके पर मौजूद लोगों और सुरक्षा बलों ने दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी से जख्मी हुए लोगों को निकाला और जंगलात मंडी स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल ले जाते ही डॉक्टरों ने 4 लोगों की मृत घोषित कर दिया।

वहीं, बाकियों का इलाज वहां किया जा रहा है। फिलहाल, स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। हादसा कैसे हुआ, इस पर अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। घटनास्थल से कुछ दिल दहला देने वाले वीडियो सामने आए हैं, जिसमें आसपास भारी मात्रा में लोग इकट्ठे नजर आ रहे हैं।

लालटेनियों ने अपना घर रोशन किया- मोदी

बोले- सभी शहजादे अब छुट्टी पर जाएंगे

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 25 मई को पटना, काराकाट और फिर बक्सर में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सुबह 11 बजे पटना के बिक्रम में रामकृपाल यादव के समर्थन में सभा की। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि लालटेनियों ने पूरे बिहार को अंधेरे में रखा, सिर्फ अपने परिवार के लोगों को रोशनी पहुंचाई।

इसके बाद प्रधानमंत्री करीब डेढ़ बजे काराकाट पहुंचे। यहां उपेंद्र कुशवाहा के लिए उन्होंने वोट मांगा। इस दौरान उन्होंने लालू और तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला। पीएम ने कहा कि बिहार के लोगों से नौकरी के बदले जमीन लेने वाले लोगों का जेल का काउंटडाउन शुरू हो गया है। हेलिकॉप्टर का चक्कर खत्म होते ही इनके लिए जेल का रास्ता खुल जाएगा। इसके बाद पीएम करीब 3 बजे बक्सर पहुंचे। यहां बीजेपी कैंडिडेट मिथिलेश तिवारी के समर्थन में उन्होंने सभा की। पीएम वे कहा कि आज की वोटिंग के बाद इंडी गठबंधन के गुब्बारे की सारी हवा निकल चुकी है। अब साफ दिखता है सारे शहजादों का शटर गिरने वाला है।

बिहार के शहजादे अब आराम से जमानत, अमानत का काम देखेंगे। कांग्रेस के शहजादे ने भी छुट्टियों की तैयारी शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के शहजादे को सदमा लगने वाला है, उन्होंने कहा कि बनारस में मोदी चुनाव हारने वाला है और उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें इंडिया गठबंधन जीत रहा है। अब पता नहीं यह बार-बार साइकिल पंक्चर होने का सदमा है या कांग्रेस के शहजादे की संगत का असर है। कांग्रेस देश को अपनी जायदाद समझती है। कहते हैं शहजादे ही इकलौते प्रधानमंत्री हैं। आरजेडी वाले कहते हैं 5 साल में 5 प्रधानमंत्री बनाएंगे।

यूपी में 14 सीटों पर 54.02% वोटिंग

आजमगढ़ में लाठीचार्ज, पोलिंग बूथ पर गिरी महिला, मौत

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के 6वें चरण में 14 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। शाम 6 बजे तक 54.02% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा अंबेडकरनगर में 61.543% और सबसे कम फूलपुर में 48.940% वोटिंग हुई। प्रयागराज में पुलिस ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को पोलिंग बूथ से हटा दिया। जिसके बाद कांग्रेसी हंगामा करने लगे। सूचना पर सपा के पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह पहुंच गए। उनकी पुलिस से नोकझोंक हो गई। पुलिस रेवती रमण को हिरासत में लेकर थाने लाई। कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह समर्थकों के साथ थाने पहुंचे। कुछ देर बाद पुलिस ने रेवती रमण को छोड़ दिया।

करेली थाना पुलिस ने रेवती रमण समेत 50 समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि रेवती

रमण के समर्थकों ने पुलिस मुदार्बाद के नारे लगाए, अपशब्द कहा, सरकारी कार्य में बाधा डाली। आजमगढ़ में भाजपा समर्थकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें 2 लोगों के हाथ टूट गए। जबकि 2-3 लोगों को हल्की चोटें आई हैं। वोटिंग खत्म होने के बाद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' घायल समर्थकों से मिलने उनके घर पहुंचे। सपा ने चुनाव आयोग से 6 घंटे में 60 से ज्यादा शिकायतें की हैं। ज्यादातर शिकायतें एश्ट से जुड़ी हुई हैं। अंबेडकरनगर में बुजुर्ग महिला बग्घी से पोलिंग बूथ पर पहुंची और वोट डाला। संतकबीरनगर में वोट डालने पहुंची महिला की मौत हो गई। महिला पोलिंग बूथ के गेट पर चक्कर खाकर गिर गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्लेन का दरवाजा हवा में खोलने की कोशिश आरोपी गिरफ्तार

इंदौर। इंदौर से हैदराबाद जा रहे प्लेन का दरवाजा हवा में खोलने की कोशिश करने के आरोप में एक पैसेंजर को हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एयरलाइन कर्मचारियों की गई शिकायत के आधार पर 29 साल के पैसेंजर को गिरफ्तार किया गया। यह घटना 21 मई की है। पैसेंजर ने प्लेन के यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्लेन के उतरने से कुछ मिनट पहले यह हरकत की थी। इसके पहले इस पैसेंजर ने एयरलाइन स्टाफ के साथ बहस भी की। फ्लाइट के एयरपोर्ट पर उतरने के बाद एयरलाइन ने यात्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पैसेंजर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

पुणे एक्सीडेंट केस-आरोपी के दादा को 3 दिन पुलिस कस्टडी

पुणे। पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पोर्श एक्सीडेंट केस में शनिवार को नाबालिग आरोपी के दादा सुरेंद्र अग्रवाल को गिरफ्तार किया। कोर्ट ने उसे 28 मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। उस पर फैमिली ड्राइवर को बंधक बनाने का आरोप है। इस मामले में नाबालिग के पिता विशाल अग्रवाल भी आरोपी है। पुलिस ने उसे 21 मई को गिरफ्तार किया था।

क्राइम ब्रांच के अधिकारी के मुताबिक, 18-19 मई की रात हादसे के बाद आरोपी के दादा और पिता ने नाबालिग को बचाने के लिए ड्राइवर को फंसाने की प्लानिंग की थी। ड्राइवर की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एफआईआर की धारा 365 (गलत तरीके से कैद करने के इरादे से

अपहरण करना) और 368 (गलत तरीके से छिपाना या कैद में रखना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। 42 साल के ड्राइवर ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि घटना के तुरंत बाद मुझे सुरेंद्र अग्रवाल का फोन आया। वह फोन पर पहले चिल्लाए। फिर अपनी कार में जबरन बिठाकर मुझे अपने बंगले ले गए। वहां 19-20 मई तक कैद रखा। ड्राइवर के मुताबिक, नाबालिग के पिता और दादा ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। उन्होंने हादसे का इल्जाम लेने के लिए पैसे का लालच दिया और कहा कि वे उसे जल्दी ही जेल से निकाल लेंगे। दोनों ने धमकी भी दी और कहा कि इस बारे में किसी से बात की तो याद रखना। मेरी पत्नी ने मुझे छुड़ाया। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ड्राइवर ने शुरू में बताया था कि वह कार चला रहा था। हालांकि, बाद में पुष्टि हुई कि नाबालिग ही कार चला रहा था। अगले हफ्ते तक आरोपी के ब्लड और रिपोर्ट्स आने की उम्मीद है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि यरवदा पुलिस स्टेशन के दो अधिकारियों को भी निलंबित किया गया है।

छत्तीसगढ़ में बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को एक बारूद फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ। इसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है जिसमें गुबार कई मीटर ऊपर तक दिख रहा है। रात को अंधेरा होने के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन रोका गया है। 9-10 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। वहीं कई महिलाएं भी रात में अपनों की तलाश में पहुंची जो फैक्ट्री के बाहर धरने पर बैठ गई हैं। घटना बेरला ब्लॉक के ग्राम बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री की है। सुबह करीब 8 बजे ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट से आसपास की बिल्डिंग तक हिल गई। जहां ब्लास्ट हुआ वहां 15-20 फीट का गड्ढा हो

गया। इसके बाद आसपास काम कर रहे मजदूरों को तुरंत निकाला गया। इनमें से 7 घायलों को रायपुर लाया गया था जिसमें से एक ने दम तोड़ दिया है। वहीं दिन में मलबे को हटाने का काम किया गया। इस दौरान कई बॉडी पार्ट्स भी दिखे। 3 सेटअप के आसपास एक्सप्लोसिव लिक्विड भरे 4 टैंक थे। इसमें से एक टंकी ब्लास्ट में जमींदोज हो गई है। नष्ट हुई टंकी से लिक्विड ब्लास्ट हो रहा है जिसे ठंडा करने की कोशिश लगातार जारी है।

वोटर टर्नआउट डेटा जारी करने में देर नहीं करेंगे- ईसी

कोई भी ये डेटा बदल नहीं सकता, कुछ लोग गलत नैरेटिव फैला रहे

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शनिवार 25 मई को कहा कि वोटर टर्नआउट डेटा जारी करने में देर नहीं की जाएगी। चुनाव में कितने वोट पड़े, कोई भी इस डेटा को बदल नहीं सकता। कुछ लोग चुनाव प्रक्रिया को खराब बताने के लिए गलत नैरेटिव फैला रहे हैं। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया, जिसमें फॉर्म 17उ डेटा और बूथ-वाइज वोटर टर्नआउट पब्लिश करने को लेकर कोई भी निर्देश देने से इनकार किया था।

फॉर्म 17सी के जरिए सभी उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों के साथ वोटिंग वाले दिन शेयर किए गए वोटिंग डेटा को कोई भी बदल नहीं सकता। सभी 543 सीटों पर खड़े हुए सभी उम्मीदवारों के ऑथराइज्ड एजेंटों के पास फॉर्म 17सी होता है। प्रेस नोट जारी कर वोटर टर्नआउट के बारे में बताना लोगों के लिए एक और सुविधा है। 5 चरणों में चुनाव आयोग 13 प्रेस नोट जारी कर चुका है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने दिल्ली में एक पोलिंग बूथ पर वोट डाला। इस दौरान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर बात की, जिसमें चुनाव आयोग के फॉर्म 17सी डेटा और बूथ-वाइज वोटर टर्नआउट पब्लिश करने को लेकर कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया है। सीईसी ने कहा कि संदेह का माहौल पैदा करने की कोशिश की जा रही है। हम एक दिन निश्चित रूप से सभी के साथ इस पर चर्चा करेंगे। राजीव बोले कि यहां क्या खेल है, संदेह क्यों पैदा किए जाते हैं। हम एक दिन यह सामने लाएंगे और सभी को दिखाएंगे कि लोगों को कैसे गुमराह किया जाता है। लोगों के मन में कैसे संदेह पैदा होता है। राजीव कुमार ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में जल्द विधानसभा चुनाव होंगे। राजीव बोले- लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में हुई वोटिंग से चुनाव आयोग उत्साहित है।

चीन की ताइवान को जंग की धमकी

ताइपे। ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा। दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। इस युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था। ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई। चुनाव से पहले चीन ने ताइवान को चेतावनी

दी थी कि अगर वहां की जनता ने सही विकल्प नहीं चुना तो उन्हें इसकी सजा दी जाएगी। 20 मई को लाई चिंग ते के शपथ ग्रहण समारोह के 2 दिन बाद चीन ने अपनी मिलिट्री ड्रिल शुरू की थी।

इस दौरान चीन की सेना ने कसम खाई थी कि वह ताइवान में आजादी की मांग करने वालों का खून बहा देंगे। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि लाई चिंग ते वन-चाइना पॉलिसी के लिए बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं।

गेम जोन में आग, 12 बच्चों समेत 24 की मौत

चश्मदीद बोला- कचरे से आग भड़की, 30 सेकेंड में फैल गई

राजकोट। गुजरात के राजकोट शहर के कालावड रोड पर स्थित ळफ्ढ गेम जोन में शनिवार शाम 4.30 बजे भीषण आग लग गई। हादसे में 12 बच्चों समेत 24 लोगों की मौत हो गई। अब तक 25 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। प्रशासन का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मृतकों के शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पहचान के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा। अभी प्रशासन यह नहीं बता पाया है कि आग लगने के वक्त गेम जोन में कितने लोग मौजूद थे। आग पर 3 घंटे में काबू पाया गया। मौके पर मौजूद यश पटोलिया ने कहा, 'हम लोग रेस्टोरेंट में बैठे थे। तभी वहां आग लग गई। आग 30 सेकेंड में ही पूरे एरिया में फैल गई थी।' एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि गेम जोन में कई जगह रिपेयरिंग और रेनोवेशन का काम भी चल रहा था। काफी संख्या में प्लाई के टुकड़े और लकड़ियां भी इधर-उधर फैली हुई थीं। यह भी आग की चपेट में आए और आग फैलती चली गई।' हालांकि यह पता नहीं चला है कि आग किस वजह से लगी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, राजकोट में आग लगने की घटना से मैं बेहद व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है। टीआरपी गेम जोन का स्वामित्व युवराज सिंह सोलंकी और मनविजय सिंह सोलंकी के पास है। आग लगने की घटना के बाद युवराज सिंह सोलंकी फरार हो गया है। युवराज ने ही गेम जोन का प्रबंधन प्रकाश जैन और राहुल राठौड़ को सौंपा था।

चक्रवाती तूफान में बदला रेमल, सात राज्यों में बारिश-तूफान की चेतावनी

बंगाल से बांग्लादेश तक दिखेगा असर

कोलकाता। देश के एक बड़े हिस्से में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। इस बीच, बंगाल की खाड़ी में सीजन का पहला चक्रवाती तूफान भी उठा है। इसे रेमल नाम दिया गया है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरा दबाव बना और शनिवार देर शाम तक भीषण चक्रवाती तूफान रेमल में बदल गया। चक्रवात रेमल पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपाड़ा के बीच रविवार आधी रात को टकरा सकता है। मौसम विभाग ने द्वारा शनिवार को यह जानकारी दी गई। बंगाल की खाड़ी में मानसून से पहले इस मौसम में यह पहला चक्रवात है। इस बारे में मौसम विभाग का कहना है कि यह चक्रवाती तूफान 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकरा सकता है। यह भी कहा गया है कि चक्रवाती तूफान 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार पकड़ सकता है। मौसम विभाग ने 26 मई और 27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में 27 मई और 28 मई को भारी से भारी वर्षा हो सकती है। तूफान के टकराने के समय समुद्र में 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका है जिससे तटीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाके डूब सकते हैं।

मौसम विभाग द्वारा मछुआरों को 27 मई की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में समुद्र में न जाने की चेतावनी दी है। यह चेतावनी दी गई है कि 26 मई और 27 मई को दक्षिण 24 परगना में 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा उत्तर 24 परगना में भी 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। विभाग ने कोलकाता, हावड़ा, नादिया और पूर्व मेदिनीपुर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में अगले दो दिनों में कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश के साथ 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों बालासोर, भद्रक और केंद्रपाड़ा में 26 मई और 27 मई को भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा 27 मई को मयूरभंज में भारी वर्षा होने की संभावना है। 26 मई को मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर में ज्यादातर स्थानों पर हल्की बारिश के साथ कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। 27 और 28 मई को असम और मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में बारिश का अनुमान है। बिहार के कुछ स्थानों में भी बारिश हो सकती है। त्रिपुरा सरकार ने अगले 48 घंटों में भारी से बहुत भारी बारिश, तेज हवाओं और तूफान की चेतावनी के बाद सभी आठ जिलों में अलर्ट जारी किया है।

घर बैठे जमा होगा हाउस और सीवर टैक्स

अस्सी क्षेत्र से नगर निगम नए सिरे से करेगा शुरूआत

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। काशीवासियों को नगर निगम कार्यालय में जलकर, सीवर कर सहित अन्य भुगतान के लिए नहीं जाना पड़ेगा। यूनिक क्यूआर कोड के माध्यम से अब भवन स्वामी घर बैठे टैक्स जमा कर सकते है। नगर निगम ने अस्सी से इसकी शुरूआत नए सिरे से करने का निर्णय लिया है। निगम ने तीन माह के भीतर शहर के सभी 2.22 लाख भवनों पर निश्शुल्क यूनिक क्यूआर कोड लगवाने का लक्ष्य रखा है।भविष्य इस क्यूआर कोड के माध्यम से डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की आनलाइन निगरानी भी की जाएगी। स्मार्ट मोबाइल फोन से क्यूआर कोड को स्कैन करने पर भवन स्वामी के सामने

तीन विकल्प आएगा। इसमें कूड़ा उठान का शुल्क, गृहकर व सीवर व जलकर का बकाया शामिल है। भवन स्वामी एक साथ तीनों टैक्स या कोई एक टैक्स जमा कर सकते हैं। वहीं रसीद के लिए ई-मेल या फोन नंबर का उल्लेख करना होगा। इसी प्रकार कूड़ा उठान के दौरान सफाई कर्मियों की अनिवार्य रूप से क्यूआर कोड स्कैन करना होगा सफाई कर्मियों को क्यूआर कोड को स्कैन कर उस भवन में अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी। नगर आयुक्त ने कार्यदाई संस्था के कार्यों को धीमी गति पर नाराजगी जताई हैं।

उन्होंने क्यूआर कोड लगाने के कार्य में गति लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी घरों में क्यूआर कोड लगाने की कवायत की जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे भवन स्वामी को नगर निगम कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और वह घर बैठे ही भुगतान कर सकते हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि इस कर कोड में और भी सुविधा जोड़ी जाएंगी जिससे एक ही कर कोड के माध्यम से कई सुविधाएं मिल सके।

बेटे के दाह संस्कार के पहले पिता ने किया मतदान

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। लोकतंत्र के पर्व पर सहभागिता के लिए तरह तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। लोगों को 100 प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मछलीशहर लोकसभा सीट में आने वाली वाराणसी की पिंडरा विधानसभा के बड़ागांव बाजार निवासी वैश्य परिवार ने बड़ी मिसाल की। यहां के रहने वाले संजय वैश्य के बेटे की लम्बी बिमारी के शुक्रवार की रात मौत हो गई थी। उनके परिवार ने शनिवार की सुबह पहले मतदान किया उसके बाद घर से श्व यात्रा निकली। संसदीय चुनाव के अंतर्गत आज छठवें चरण में मछली शहर संसदीय चुनाव के लिए सुबह 6 बजे से मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हो गया। इस बीच शुक्रवार को मध्य रात्रि के बाद बड़ागांव बाजार निवासी संजय गुप्ता के बेटे दिव्यांग शुभम गुप्ता (21)की मौत हो गयी जिसके उपरांत परिजनों ने यह निर्णय लिया की मतदान शुरू होते ही मतदान करके मृत शरीर का दाह संस्कार किया जायेगा। निर्णय के अनुसार मृतक के पिता दादा कैलाश गुप्ता सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने मतदान किया।

बनारस में भाजपा के बड़े नेता करेंगे ताबड़तोड़ सभाएं

एमपी सीएम, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री सहित बड़े नेताओं का आगमन

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण को मथने के लिए भाजपा के बड़े नेता ताबड़तोड़ सभाएं करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री सहित बड़े नेता का आगमन आज से शुरू होने जा रहा है।यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम कैंट विधानसभा अन्तर्गत अस्सी घाट पर जनसभा को संबोधित करेंगे। जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 मई की शाम पांच बजे रोहनिया विधानसभा के सीरगोवर्धन में जनसभा को संबोधित करेंगे। उसी समय उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कैंट विधानसभा अन्तर्गत रामनगर चौक पर एवं सायं सात बजे दक्षिणी विधानसभा के प्रहलाद घाट स्थित आशीर्वाद वाटिका में जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर दो दिनी दौरे पर 26 मई को यहां आयेंगे और पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे सनबीम स्कूल वरूणा में आयोजित शिक्षाविदों एवं प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों के साथ

आयोजित बैठक में शामिल होंगे। वे उसी दिन अपराह्न चार बजे कांची कामकोटि मंदिर में तमिल संगमम काशी की तरफ से आयोजित तमिल समाज के लोगों के साथ अनौपचारिक बैठक करेंगे। जबकि सायं छह बजे बनारस क्लब कचहरी में सामाजिक संगठनों एवं क्लबों की तरफ से आयोजित 'भारत राइज इन ग्लोबल डिप्लोमेसी' कार्यक्रम में भाग लेंगे। तत्पश्चात रात्रि विश्राम करेंगे और दूसरे दिन पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे दिल्ली प्रस्थान कर जायेंगे।

तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे सिक्किम के राज्यपाल

वाराणसी। सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य शनिवार को तीन दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे। वे विशिष्टजनों के मुलाकात करेंगे। वहीं विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।लक्ष्मण आचार्य 25 मई की दोपहर बादबाबतपुर हवाई अड्डे पर आएंगे। सड़क मार्ग से बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस जाएंगे। यहां विभिन्न लोगों से मुलाकात करेंगे। 26 मई की शाम चार बजे नारायणी विहार कालोनी चितईपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। वहीं 27 मई को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में सामाजिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

अच्छा रिजल्ट देने वाले स्कूलों से सीखेंगे, साझा करेंगे अनुभव

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। राजकीय हाईस्कूलों के कक्षा नौ और 10 में 40-40 छात्र-छात्राओं से कम नामांकन नहीं रहना चाहिए। इसी तरह 11 और 12 में कम से कम 60-60 छात्र-छात्राओं का नामांकन जरूरी है। राज्य परियोजना निदेशक और महानिदेशक स्कूल शिक्षा का निर्देश आने के बाद शिक्षा विभाग तैयारियों में जुट गया है। साथ ही अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों की खासियत का पता लगाकर उनके अनुभवों को कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के साथ साझा किया जाएगा। समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को सुदृढ़ और गुणवत्तापरक बनाने के लिए हर जिले पर एक जिला समन्वयक तैनात किया गया है। इन समन्वयकों पर कम परीक्षाफल और नामांकन वाले राजकीय विद्यालयों की स्थिति सुधारने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें अच्छे परिणाम और अधिक नामांकन वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से कम परिणाम और कम नामांकन वाले विद्यालयों के प्रधानाचार्यों का सीधे संवाद भी कराना है।

जिला समन्वयकों को निर्देश दिया गया है कि जिन विद्यालयों पर तीन हजार से अधिक छात्र संख्या है, वे उस विद्यालय की विशेषता का पता लगाएं और उनके अनुभवों को अन्य विद्यालयों के साथ साझा करें। जिन विद्यालयों पर सौ से कम नामांकन हैं, उन विद्यालयों पर जिला समन्वयक शैक्षिक सहयोग प्रदान करने के लिए जरूर जाएं। उन्होंने समन्वयकों को अपने पास एक डायरी रखने को कहा है, जिसमें प्रत्येक राजकीय विद्यालय का शैक्षिक डाटा दर्ज होगा।

नौतपा में अगले नौ दिन तपेगा काशी

तल्ख धूप और पुरवा ने बढ़ाई गर्मी, 45 डिग्री के पार हो सकता है वाराणसी का पारा

परिवर्तन दूत

वाराणसी। ज़िले में शनिवार नौतपा की शुरूआत हो गई है। वाराणसी समेत पूरे ईस्ट यूपी में 7 अगले 9 दिन पारा 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। धूप काफी तल्ख होगी। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि अगले 5 से 6 दिनों तक तापमान बढ़कर 45 डिग्री सेल्सियस को भी पार कर सकता है। शनिवार को वाराणसी का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज गया। वाराणसी में तेज धूप के साथ पुरवा भी बह रही थी। नौ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। पुरवा की वजह से उमस भी बेहाल कर रहीथी। हवा में नमी 55% रिकॉर्ड हुई। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से अगले 2 दिनों तक यानी कि 25 और 26 मई को हीट वेव का अलर्ट नहीं जारी किया गया है। आसमान भी बिल्कुल साफ रहेगा। लू और बादल बारिश की भी कोई उम्मीद नहीं जताई गई है। मौसम सामान्य होगा और गर्मी बढ़ेगी। 27 और 28 मई को हीट वेव की चेतावनी दी गई है। अगले दिन मौसम सामान्य होगा और उसके बाद 30 मई को बारिश या बादल छाने के आसार बन सकते हैं। काशी

हिंदू विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यदि अगले कुछ दिनों तक गर्मी बढ़ी, तो मानसून की बारिश बहुत अच्छी होगी। जिससे गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी। प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि अभी अगले 5-6 दिन बारिश की कोई उम्मीद नहीं नजर आ रही है। हालांकि, जून के पहले सप्ताह में प्री-मानसून की बारिश देखने को मिल सकती है। नौतपा में सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी घट जाती है। गर्मी बढ़ने से हवा में नमी यानी कि उमस काफी बढ़ जाती है। ऐसे में नौतपा का असर खत्म होने के बाद बारिश की काफी उम्मीद बन जाती है। इस तरह से मानसून के बेहतर होने की उम्मीद होगी।

अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

परिवर्तन दूत

मिजार्मुराद। क्षेत्र के रूपापुर (भेड़हा) गांव के आमने हाईवे पर शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मिजार्पुर जिले के कछवां थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी कमलेश चौबे उर्फ बबलू उम्र (39) वर्ष वाराणसी से वापस घर जा रहे थे कि मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर (भेड़हा) गांव के आमने हाईवे पर कमलेश के बाइक में पीछे से किसी अज्ञात वाहन में धक्का मार दिया जिससे कमलेश गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा तुरंत पुलिस को सूचना दिया गया।

सूचना पर पहुंचे मिर्जामुराद एसओ आनंद चौरसिया ने गम्भीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस की मदद से युवक को बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजवाया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।मृतक युवक वाराणसी में रहकर शहर में टोटो चलाकर सपने परिवार का भरण पोषण करता था।मृतक युवक दो भाइयों में बड़ा था व दो पुत्र और

एक पुत्री का पिता बताया गया।मृतक युवक के मौत की सूचना मिलते ही मृतक मां कृष्णावती देवी व पत्नी अनिता चौबे का रो-रोकर बुराहाल रहा। एसओ ने बताया कि मृतक के पिता के तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस वाहन व चालक के तलाश में जुट गई।

अनुराधा नक्षत्र में हुई जेठ मास की शुरूआत

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। ज्येष्ठ मास की शुरूआत सर्वार्थ सिद्धि योग और अनुराधा नक्षत्र में हुई है। भगवान विष्णु, बजरंग बली और शनिदेव को समर्पित ज्येष्ठ मास में विविध अनुष्ठान संपन्न होंगे। मान्यता है कि इनकी पूजा से सभी कार्यों में सफलता मिलती है। जाने-अनजाने में किए गए पाप से भी छुटकारा मिल जाता है। इस महीने जल की पूजा, जल दान और जल बचाने का नियम है। इसके साथ ही काशी में भगवान विष्णु से जुड़े तीर्थों की परिक्रमा और दर्शन-पूजन का विधान है। आदिकेशव से राजघाट के बीच लगभग 15 तीर्थ हैं। स्कंदपुराण के अनुसार गंगा और वरुणा के संगम स्थल से भगवान विष्णु के तीर्थों की शुरूआत होती है। इनका निर्माण महादेव ने किया था। गंगा-वरुणा

के संगम में स्नान करके संगमेश्वर की पूजा करने वाला मुक्त हो जाता है। इसके आगे बढ़ने पर विष्णुपादोदकतीर्थ विराजमान है। इस तीर्थ पर भगवान विष्णु ने मंदराचल से आने के बाद पहली बार अपने पैर धोए थे। इस तीर्थ में स्नान, तर्पण करके आदिकेशव का पूजन करने वाला संसार की दुर्गति से दूर हो जाता है। श्वेतद्वीप और क्षीराब्धि तीर्थ पर पुण्यकर्म करने वाला क्षीरसमुद्र के तीर वास करता है। क्षीरोदतीर्थ से दक्षिण भाग में शंखतीर्थ पर स्नान से मनुष्य शंख इत्यादि निधियों का अधिपति होता है। शंखतीर्थ के पीछे सर्वोत्तम चक्रतीर्थ है और उस तीर्थ के जल में नहाने से मनुष्य कभी संसारचक्र में नहीं गिरता है। उसके आगे (बढ़कर) संसाररूप गद (रोग) का नाशक गदातीर्थ है। वहां पर श्राद्ध करने से गदाधर भगवान के दर्शन मिल जाते हैं। उसके आगे पितरों की तृप्ति करने वाला और सर्वसंपत्तिजनक (पद्मादेवी का बनाया हुआ) पद्मतीर्थ है। यहां पर स्नान करने से पापों का क्षय हो जाता है। उसके आगे महापुण्यप्रद महालक्ष्मीतीर्थ है।

पांच से 70 साल के प्रशिक्षु सीख रहे हैं संगीत

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। बनारस घराने के संगीत और समृद्ध करने में नवांकुर अब हिंदी ही नहीं मराठी, गुजराती, बांग्ला सहित छह भाषाओं में बंदिशों का रियाज करेंगे। राग-रागनियों के साथ बंदिशों को इन भाषाओं में पिरोकर सुधिजनों को इसकी कर्णप्रियता का एहसास कराएंगे। अगले माह से देश भर के प्रशिक्षु इसके अभ्यास में जुट जाएंगे। शास्त्रीय संगीत के प्रति हर प्रांतों के लोगों में बढ़ी रुचि को देखते हुए अन्य भाषाओं में भी युवा कलाकारों को बंदिशें सिखाई जाएंगी। शिल्पायन संस्था के संस्थापक पं. देवाशीष डे ने बताया कि बनारस घराने की संगीत को दुनियाभर में पसंद किया जाता है। अगले महीने से गुजराती, मराठी, असमिया, बंग्ला, पंजाबी और राजस्थानी भाषा में युवाओं को गायन का अभ्यास कराया जाएगा। जून के पहले सप्ताह से करीब 100 बच्चों और युवाओं को रियाज कराया जाएगा। इन भाषाओं के कलाकार उन्हें ये विधा सिखाएंगे।

पांच साल के बच्चे से लेकर 70 साल बुजुर्ग भी संगीत सीख रहे हैं। पं. देवाशीष ने बताया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन 250 से अधिक प्रशिक्षु संस्था के जुड़े हैं। वे गायन के साथ वादन और नृत्य की विधा सीख रहे हैं। उपशास्त्रीय संगीत में होली, कजरी, चैती, भजन का अभ्यास कराया जाता है। बीएचयू में खासकर विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राएं भी संगीत सीखने आते हैं। पं. देवाशीष ने बताया कि पढ़ाई को लेकर होने वाले तनाव दूर करने के लिए आते हैं।

विद्यार्थियों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान की आवश्यकता

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। समाजशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट वक्ता सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, उत्तराखंड के समाज वैज्ञानिक प्रो. ए.पी. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान की आवश्यकता है। प्रो. सिंह ने समाजशास्त्र विषय की प्रासंगिकता को वर्तमान समय में रोजगारपरक और व्यवहारिक बनाने पर बल दिया। उन्होंने विश्व की सबसे प्रगाढ़ संपदा ज्ञान के सैद्धांतिक पक्ष का विस्तार व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति और उपादेयता के संदर्भ में प्रासंगिक बनाने के लिए गुरु शिष्य परंपरा का

उदाहरण दिया। कहा कि कर्तव्य और ज्ञान ही प्रगति के मार्ग का माध्यम हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा ने विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान के अनुप्रयोग से संबंधित विधि के विषय में जानकारी दी। आपने गुण, व्यवहार के सैद्धांतिक अनुप्रयोग को प्रगति और विकास के लिए आवश्यक बताया है। धन्यवाद ज्ञापन अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज की समाजशास्त्र विभाग की प्रो. कुमुद सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. अमिता सिंह, डॉ. रामसेवक सिंह यादव, डॉ. दीप नारायण, डॉ. जयप्रकाश यादव, डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ. सुरेंद्र कुमार, डॉ. मनीषा देवी, डॉ. संजय सोनकर, प्रियंका मौर्या, शिल्पी चौबे, नीता यादव, पूजा भारती, संगीता, पूनम वर्मा, स्मृति, नंदलाल, श्रीकांत, अरिहंत, सतीश गौतम सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

भेलूपुर-मंडुआडीह थाना के चक्कर में दो महीने से गायब युवक की नहीं लिखी गई रिपोर्ट

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। प्रार्थिनी सुनिता देवी पत्नी कुलदीप निवासनी लहरतारा, नई बस्ती, थाना-मडुआडीह वाराणसी का कहना है कि 26 मार्च 2024 को मेरे पति कुलदीप घर से निकले और घर पर लौटकर नहीं आए जैसा कि वह भेलुपुरा थाना अंतर्गत किनाराम बाबा के गेट के बाहर फेरी का काम करते थे।

26 तारीख को कुलदीप घर से निकले और गायब हो गए जिसकी सूचना सुनीता देवी ने मडुआडीह थाने में दिया थाने से कहा गया की यह भेलूपुर का मामला है क्योंकि वह वहां पर काम करते थे आप वहां जाइए जब पीड़िता भेलूपुर थाने गई तो भेलूपुर थाने का कहना था कि वह मडुआडीह से गायब हुए हैं आप मड़वाड़ी जाइए इस चक्कर में महीनों से यह पीड़िता थाने के चक्कर लगा रही है और अभी तक उनकी गुमशुदगी दर्ज नहीं की गई वह व्यक्ति किस हालत में होगा क्या उसके साथ घटना घटी क्या उसके साथ हुआ यह कोई नहीं जानता लेकिन इतनी बड़ी लापरवाही सामने आ रही है कि पहले तू पहले तू के चक्कर में दोनों थाने ने

मिलकर उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया।

आज सुनीता देवी युवा फाउंडेशन अध्यक्ष सीमा चौधरी और ऑटो यूनियन जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह के सहयोग से पुलिस कमिश्नर कार्यालय पर आवेदन देने पहुंची जहां पर चुनाव ड्यूटी होने की वजह से कोई भी उच्च अधिकारी नहीं मिले, फिर कार्यालय पर इनका ज्ञापन दे दिया गया कार्यालय से सोमवार को आने

आईआईटी बीएचयू ने विकसित किया पारंपरिक मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने का डिवाइस

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। आईआईटी बीएचयू की टीम ने पारंपरिक मीटरों को आधुनिक बनाने के लिए एक एक कम लागत वाला छङ्कफ्हअठ-सक्षम डिवाइस विकसित किया है। यह डिवाइस पारंपरिक मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलेगा। स्मार्ट तकनीकी से लैस यह डिवाइस अन्य की तुला में काफी सस्ता है।

डॉ. हरि प्रभात गुप्ता के नेतृत्व में, आईआईटी (बीएचयू) की अनुसंधान टीम ने एक लोरावॉन सक्षम डिवाइस डिजाइन किया है, जो इंटरनेट कनेक्टिविटी पर निर्भर हुए बिना स्मार्ट मीटर की कार्यक्षमता को प्रदर्शित करता है। यह विशेष रूप से उन क्षेत्रों में फायदेमंद है, जहां इंटरनेट की सीमित या कोई उपलब्धता नहीं है। यह डिवाइस मीटर रीडिंग को स्वचालित रूप से एकत्र करता है और मैन्युअल हस्तक्षेप के बिना कुशल और सटीक

डेटा उपलब्ध कराता है।

डॉ. गुप्ता की टीम ने तीन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। डिवाइस डिजाइन, तैनाती, और सामान्य स्मार्टफोन के साथ संगत सॉफ़्टवेयर का विकास। परिणामस्वरूप एक बहुमुखी और किफायती लोरावॉन-सक्षम डिवाइस प्राप्त हुआ, जो न केवल मीटर रीडिंग को सुगम बनाता है, बल्कि उपयोगकताओं को बिजली की खपत के बारे में जागरूक भी करता है। इसके अतिरिक्त, इस डिवाइस का उपयोग संकेत बोर्ड पढ़ने और विकलांगों की सहायता जैसे क्षेत्रों में भी किया जा सकता है, जो इसकी बहुउद्देश्यीय क्षमताओं को उजागर करता है।

इस पहल का उद्देश्य बबार्दी को कम करना और मौजूदा मीटरों के अनावश्यक प्रतिस्थापन से बचना है, जिससे स्थिरता और लागत-प्रभावशीलता को बढ़ावा मिलता है। इस शोध कार्य को आंशिक रूप से आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी और एसईआरबी द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिनके महत्वपूर्ण समर्थन ने इस परियोजना को साकार करने में अहम भूमिका निभाई है। आईआईटी बीएचयू इस तकनीक को एक व्यापक स्मार्ट बिल्डिंग ढांचे में एकीकृत करने का लक्ष्य रखता है। अगला मील का पत्थर मौजूदा बिजली, पानी और गैस मीटरों को लोरावॉन-सक्षम प्रणाली में परिवर्तित करना है।

यह उन्नति स्वचालित मीटर रीडिंग को सुविधाजनक बनाएगी। उपलब्ध पार्किंग स्थानों की निगरानी करेगी। सफाई और कचरा निपटान के प्रबंधन और बगीचों में पानी के छिड़काव को स्वचालित करेगी। आईआईटी निदेशक ने टीम को उनके सफल अनुसंधान के लिए बधाई दी। संस्थान से प्रदान की गई वित्तीय और बुनियादी ढांचा सहायता को स्वीकार किया। उन्होंने परियोजना के दौरान टीम को मार्गदर्शन और प्रेरित करने में अपनी

ट्रिपिंग समस्या को खत्म करने की दी हिदायत

मुख्य अभियंता ने मैदागिन उपकेंद्र के एसडीओ को दिया नोटिस

परिवर्तन दूत

वाराणसी। पूर्वांचल डिस्कॉम के एमडी शंभु कुमार ने शुक्रवार की देर रात विद्युत नगर मुख्यालय परिसर में स्थापित 1912 एवं 400 केवी ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण किया। वहीं, जिवनाथपुर औद्योगिक क्षेत्र उपकेंद्र का औचक निरीक्षण भी किया।

उन्होंने कहा कि ट्रिपिंग और अघोषित कटौती की शिकायत जिस उपकेंद्र से ज्यादा होगी उसपर कार्रवाई की जायेगी इसलिए सभी यह सुनिश्चित कर लें कि यह समस्या न उत्पन्न हैं। वाराणसी जोन प्रथम के मुख्य अभियंता अरविंद कुमार सिंघल और अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा ने गुरुवार रात कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। मैदागिन उपकेंद्र से अनुपस्थित रहे एसडीओ अनिल शुक्ला को कारण बताओ नोटिस और जेई गुलाब प्रजापति को चार्जशीट दी गई है। चीफ और एसई रात करीब 10 बजे मैदागिन उपकेंद्र पहुंचे। यहां जेई लोकनाथ कुशवाहा मिले, जबकि एसडीओ अनिल शुक्ला और जेई गुलाब नहीं थे। चीफ ने एसई को कार्रवाई का निर्देश दिया। रजिस्टर जांच में कई फीडरों पर रोस्टिंग कर आपूर्ति का पता चला। यहां से दोनों अफसर टाउनहाल उपकेंद्र पहुंचे। साफ सफाई के अलावा रजिस्टर में ट्रिपिंग का रिकार्ड ठीक नहीं मिलने पर जेई संजय कुमार को फटकार लगाई और व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया। उपकेंद्र से भी कई फीडरों को कम आपूर्ति दी गई थी। इसके बाद मुख्य अभियंता महोदरी उपकेंद्र पहुंचे। फीडरों पर आपूर्ति की सप्लाई चेक की।

मोदी के गढ़ में प्रियंका-डिंपल का रोड शो

उमड़ी समर्थकों की जबरदस्त भीड़, समर्थन में लगे नारे, हाथ हिलाकर किया जनता का अभिवादन

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। वाराणसी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा और सपा नेता डिंपल यादव अपनी चुनावी रैली निकाली। उनके साथ कांग्रेस नेता अजय राय भी मौजूद रहे। रैली की शुरूआत दुर्गाकुंड स्थित मां दुगा के आशीर्वाद के साथ की गई। रोड शो में कांग्रेस और सपा नेताओं को जमावड़ा दिखा। वे पार्टी समर्थित नारे लगाते रहे। वाहन पर बैठे प्रियंका, डिंपल और अजय राय के ऊपर गुलाब की पंखुड़ियां उड़ाई जा रही थीं।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और सपा सांसद डिंपल यादव ने पहले दुर्गाकुंड स्थित मां दुर्गा के चौथे स्वरूप माता कूष्मांडा का आशीर्वाद लिया, फिर रोड शो की शुरूआत की। रोड शो के रूट पर मानस मंदिर, त्रिदेव मंदिर और संकटमोचन मंदिर समेत 21 से अधिक छोटे बड़े मंदिर हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता रोड शो का जगह-जगह स्वागत करते रहे। इस दौरान रोड शो का स्वागत पुष्पवर्षा के साथ किया गया।

रोड शो के दौरान कांग्रेस नेता और डिंपल ने जगह-जगह रूक कर जनता को संबोधित भी किया। इसके साथ ही इंडी गठबंधन प्रत्याशी अजय राय के लिए जनसमर्थन भी मांगा। कांग्रेस नेता अजय राय पब्लिक का अभिवादन करते रहे। कड़ी सुरक्षा के बीच रोड शो धीरे-धीरे लंका स्थित मालवीय जी की प्रतिमा के पास बढ़ रहा था। यहां भी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही लेकिन ट्रॉमा सेंटर मोड़ पर ही काफिले को रोक दिया गया। इसके बाद प्रियंका गांधी और डिंपल यादव दोनों अपने कार में बैठकर निकल गईं।

प्रियंका गांधी और डिंपल यादव के रोड शो में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। रास्ते में गुलाब की पंखुडियों से रोड शो का स्वागत किया गया। वहीं, इस रोड शो से धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज की कर्मस्थली सहित 10 से अधिक मठ, दुर्गाकुंड से लेकर सीरगोवर्धन तक 14 हजार से अधिक व्यापारी, 40 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं और डेढ़ लाख से अधिक मतदाता रूबरू हुए। डिम्पल और प्रियंका के रोड शो में भाग लेने रामनगर से बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्त्ता पहुंचे। सपा महानगर पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विवेक कंहार के नेतृत्व में रामनगर में जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया। शास्त्री चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

प्रियंका-डिंपल ने काशी कोतवाल के दरबार में टेका मत्था

रोड शो से पहले प्रियंका गांधी व डिंपल यादव काशी के कोतवाल कालभैरव दरबार पहुंची। यहां दोनों नेत्रियों ने विधि-विधान से दर्शन पूजन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। प्रियंका व डिंपल के साथ वाराणसी लोकसभा प्रत्याशी अजय राय व सपा नेता मनोज राय धूपचंडी मौजूद रहे। इसके बाद दोनों नेता काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए रवाना हो गईं। काशी विश्वनाथ व मां दुर्गा का आशीर्वाद लेकर रोड शो करेंगी। प्रियंका व डिंपल रोड शो के दौरान बीएचयू गेट पर मालवीय जी की प्रतिमा को नमन करेंगी। इसके बाद सीर गोवर्धनपुर में रोड शो का समापन करेंगी। दोनों नेत्रियों के आगमन को लेकर इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

हाईटेंशन तार टूटा तीन गांवों में 12 घंटे बिजली आपूर्ति ठप

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। चिरईगांव के पूरनपट्टी स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास हाईटेंशन तार टूट गया। इससे तीन गांवों की बिजली 12 घंटे तक गुल रही। भीषण गर्मी में बिजली के अभाव में लोग बिलबिला उठे। तार टूटकर गिरने से पूरनपट्टी, हूंसेपुर व बीकापुर के दर्जनों परिवारों के घरों में अंधेरा छा गया। लोग उपकेंद्र पर पहुंचे तो वहां उपस्थित कर्मचारी ने बताया कि लाइन जोड़ने वाले मैकेनिक सुबह आएंगे। उपभोक्ता रात भर गर्मी से बिलबिलाते रहे। सुबह विद्युत कर्मी लोगों को केवल आश्वासन देते रहे। परेशान ग्रामीणों ने अवर अभियंता से शिकायत की। फिर भी टूटे तार को जोड़ा नहीं गया। इसके बाद लोगों ने अधिशासी अभियंता रविन्द्र यादव को जानकारी दी। एसडीओ के कड़े निर्देश पर पूर्वाह्न 11 बजे तार जोड़ कर आपूर्ति बहाल की गई। तब तक भीषण गर्मी से बेहाल उपभोक्ता पानी व हवा के लिए परेशान रहे।

कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है- योगी

मुख्यमंत्री योगी अस्सी घाट पर गंगा आरती में शामिल हुए, विपक्ष पर बरसे

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। मुख्यमंत्री योगी नमो घाट से क्रूज से अस्सी घाट पहुंचे। यहां गंगा आरती में शामिल हुए। यहां लोगों को संबोधित करते हुए योगी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। योगी बोली कांग्रेस कहती है कांग्रेस की सरकार आएगी तो हम पर्सनल लॉ लागू करेंगे। पर्सनल लॉ का मतलब भारत के अंदर बेटी स्कूल नहीं जा पाएंगी, बहनें और माताएं बाजार नहीं जा पाएंगी। घर के अंडर बुर्का पहन करके दुबक के रहना पड़ेगा। तालिबानी शासन को देश के अंदर लागू करने का प्रयास करेगी। देश भारत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा भारत किसी सरिया कानून से नहीं चल सकता है।

राहुल गांधी कहते हैं एक झटके में गरीबी हटा देंगे। जो नारा दादी ने लगाया था पोता 54 वर्ष के बाद भी वही नारा लगाएगा। राहुल गांधी कहते हैं हम हर नागरिक की प्रॉपर्टी का सर्वे फिर उसमें एक वरासत टैक्स लगाएंगे फिर बरसात टैक्स में आधी प्रॉपर्टी उनकी ले लेंगे और प्रॉपर्टी लेने के बाद फिर उसको पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हुए घुसपैठियों में बांट देंगे। कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। बाबा विश्वनाथ के मंदिर को

अपवित्र करने का काम औरंगजेब ने किया था। मथुरा का भगवान कृष्ण का मंदिर औरंगजेब ने तोड़ा था। कोई शरीफ मुसलमान भी अपने पुत्र का नाम औरंगजेब नहीं रखता। औरंगजेब ने अपने भाई की हत्या की सत्ता के लिए। शाहजहां कहता है कि कमबख्त औरंगजेब तुझ जैसा पुत्र किसी को पैदा ना हो तुमने मुझे जीते जी एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया है और तुझसे अच्छे तो हिंदू हैं जो जीते जी अपने बड़े बुजुर्गों का सम्मान करते हैं।

आगे योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के राज में वाराणसी आतंकी घटनाओं का गढ़ बनता जा रहा था। माफिया और अपराधी प्रवृत्ति के तत्व काशी पर हावी होकर के काशी के सामने पहचान का संकट खड़ा कर रहे थे। 2014 के बाद काशी वासियों के आशीर्वाद से मोदी जी पीएम बने। एक भारत श्रेष्ठ भारत के शिल्पी नरेंद्र मोदी जी को चुन कर भेजा। आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है तो नए उत्तर प्रदेश में एक भव्य और दिव्या काशी भी हम सबके सामने है।

अस्सी घाट में इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है क्यों कि जब स्वच्छ भारत अभियान प्रारंभ होना था तो इसी 80 घाट पर फावड़ा लेकर के प्रधानमंत्री मोदी आए थे। उन्होंने स्वच्छता का जो कार्यक्रम प्रारंभ किया था आज देश और दुनिया का एक आंदोलन बन गया है।काशी को काशी की पहचान दिलाने के लिए मोदी ने कार्य प्रारंभ किया।

जाल्हूपुर में सीएम योगी की सभा आज

वाराणसी (परिवर्तन दूत)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को शिवपुर विधानसभा के जाल्हूपुर स्थित श्री कच्चा बाबा इंटर कालेज मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी तैयारी जोरों पर है। जनसभा स्थल पर पंडाल लग रहा है। संगठन इसकी तैयारी में जुटा है। सीएम योगी चंदौली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी डा. महेंद्रनाथ पांडेय के समर्थन में जनसभा करेंगे। जनसभा को सफल बनाने में बीजेपी कार्यकताओं की टीम जुटी है। जनसभा में अधिक से अधिक कार्यकर्ताों को जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024
वोट डालने जाना है
अपना फर्ज निभाना है
1 जून 2024 को अपना अमूल्य मत अवश्य दें।
खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, वाराणसी
जिलाधिकारी, वाराणसी

योगी ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की शाम काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान विधिविधान से पूजन व जलाभिषेक कर बाबा से लोकसभा चुनाव के लिए आशीर्वाद मांगा। वहीं प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। सीएम योगी अस्सी घाट पर जनसभा को संबोधित किया। पहली बार किसी सीएम ने अस्सी घाट पर जनसभा की। साथ ही आयुष्मान भारत योजना समेत सरकार की ओर से संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं व

विकास कार्यों की बखान किया। जनसभा के बाद अस्सी घाट से क्रूज पर सवार होकर श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने गंगा द्वार से धाम में प्रवेश किया। बाबा विश्वनाथ का विधिविधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान षोडशोपचार पूजन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद सीएम रवाना हो गए।

कोली शेट्टी शिवकुमार की अग्रिम जमानत की याचिका खारिज

प्रस्तावक महिला ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नामांकन करने वाले युग तुलसी पार्टी के प्रत्याशी कोली शेट्टी शिव कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज हो गई। प्रस्तावक महिला की ओर से दस्तावेज लेकर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई भी शुरू कर दी। प्रत्याशी कोली शेट्टी शिव कुमार ने मुकदमे के बाद अपर जिला जज प्रथम रवींद्र कुमार श्रीवास्तव की अदालत में याचिका दाखिल की। जिस पर सुनवाई के बाद जज ने अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। बीते मंगलवार को जिला जज की कोर्ट ने भी अंतरिम अग्रिम जमानत अर्जी खारिज की थी। अभियोजन की ओर से प्रभारी डीजीसी मुनीब सिंह चौहान ने पक्ष

फाइल फोटो

रखा। वाराणसी लोकसभा सीट से पहला नामांकन दाखिल करने वाले युग तुलसी पार्टी के प्रत्याशी कोली शेट्टी शिवकुमार पर भेलूपुर पुलिस ने दो केस दर्ज किए हैं। पहली एफआईआर सोनारपुरा के रमेश कुमार की पत्नी मंजू देवी उर्फ संजू देवी ने शिवकुमार पर धोखाधड़ी और धमकाने का आरोप लगाया है। उसके बाद पीड़िता के देवर ने भी तहरीर देकर दस्तावेजों के दुरुपयोग की बात कही। तहरीर के आधार पर उनके खिलाफ भेलूपुर थाने में धोखाधड़ी और धमकाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किए गए। सोनारपुरा के रहने वाले रमेश कुमार की पत्नी मंजू देवी ने बताया कि उनका देवर महेश साहनी नाव चलाता है।

फ्री में यूपीएससी प्रीलिम्स टेस्ट सीरिज दे सकते हैं अभ्यर्थी

वाराणसी। (परिवर्तन दूत) यूपीएससी की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी फ्री में प्रीलिम्स टेस्ट सीरिज दे सकते हैं। वहीं मेंस और इंटरव्यू की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों भी विशेष परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। डिस्ट्री आईएएस एकेडमी की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए संस्थान की ओर से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह फ्री होगा। रविदास गेट के पास पीएनबी व प्रफुल्ल नगर पार्क के सामने स्थित हिस्ट्री आईएएस एकेडमी में 26 मई की शाम 5.30 बजे से यूपीएससी प्रीलिम्स टेस्ट सीरिज 2024 का आयोजन किया जाएगा। वहीं यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स, मेंस और इंटरव्यू की तैयारी करने की ईच्छा रखने वाले अभ्यर्थियों के लिए विशेष परीक्षा का आयोजन 31 मई की शाम 5.30 बजे से होगा। संस्थान का दावा है कि इस परीक्षा में बेहतर रैंक हासिल करने विद्यार्थियों को फ्री में एवं 65 फीसदी स्कालरशिप के साथ यूपीएससी प्रीलिम्स, मेंस और इंटरव्यू की तैयारी का मौका मिलेगा।

पिंडरा विधानसभा में शाम छह बजे तक 56.28 फीसद मतदान

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में मछलीशहर सीट के अंतर्गत आने वाली पिंडरा विधानसभा में शनिवार को मतदान हुआ। शाम 6 बजे 56.28 फीसद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। तीखी धूप में भी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान देने के लिए बूथों पर पहुंचे। इस दौरान प्रशासन अलर्ट रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी एस राजलिंगम समेत अधिकारियों की टीम ने चक्रमण कर चुनाव का जायजा लिया।

मतदान के लिए एक दिन पहले ही पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंच गई थीं। सुबह सात बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। सुबह से वक्त बूथ पर मतदाताओं की संख्या अधिक रही। दोपहर में तीखी धूप की वजह से मतदान की रफ्तार धीमी पड़ी, लेकिन शाम के वक्त वोटिंग ने जोर पकड़ा। प्रशासनिक आंकड़े के मुताबिक शाम 6 बजे तक 56.28 फीसद मतदान

हुआ। मतदान की प्रक्रिया सकुशल संपन्न हो गई। कहीं से किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली। वोटिंग को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। मजिस्ट्रेट चक्रमण कर बूथों का जायजा लेते रहे। वहीं बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया था।

नशे में धुत तीन दोस्त आपस में भिड़े, एक की मौत

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेवादा निवासी मंगल राजभर (20) की शराब पीने के बाद साथी से ही हुई मार-पीट में मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, नेवादा निवासी मंगल राजभर पुत्र स्वर्गीय काशी राजभर, शालू राजभर (22) पुत्र मैनेजर राजभर व बाबू राजभर पुत्र शोभा की आपस में दोस्ती रही।

शनिवार को तीनों लग पूर्वाह्न 11 बजे घर से एक साथ निकल कर गौराकलां बाजार पहुंचे। तीनों ने यहां छक कर शराब पी। इसी बीच किसी बात को लेकर मंगल व शालू में बाद विवाद होने लगा। थोड़ी ही देर में दोनों में मारपीट शुरू हो गई। साथ में रहा तीसरा साथी दोनों को छुड़ाने का प्रयास कर रहा था लेकिन वह पूरी तरह कामयाब नहीं हो पा रहा था।

इसी बीच नेवादा निवासी बुद्धू भी मौके पर पहुंच गया और मार-पीट कर रहे दोनों को पकड़ कर अलग कर दिया। तब तक मंगल को काफी चोट लग चुकी थी। वहां उपस्थित अन्य लोगों के सहयोग से घायल को बगल में एक दुकान के पास ले जाया गया और उसके घर सूचना दी गई। थोड़ी ही देर में मृतक की माता व छोटा भाई मौके पर पहुंच गए। तब तक उसकी मौत हो गई थी। शव परिजन उठा कर घर ले गए और पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में थाना प्रभारी विद्याशंकर शुक्ला, चौकी प्रभारी चिरईगांव पंकज कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों से पूछताछ कर जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले कर पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस में सुरक्षित रखवा दिया।

कार्डियोलॉजी एचओडी पद से हटाए गए डॉ. ओमशंकर

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वीसी ने नियुक्त किया नया विभागाध्यक्ष

परिवर्तन दूत

वाराणसी (सं.)। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अस्पताल में 14 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे प्रो. ओम शंकर को कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। प्रोफेसर ओमशंकर के बाद प्रो. विकास अग्रवाल कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष बनाए गए हैं।

बीएचयू के कुलपति ने प्रो. अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से विभागाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी लेटर में बताया गया है कि प्रो. ओम शंकर बीते कई दिनों से हेडशिप के काम से विरत थे।

बता दें कि इलुव के सीनियर

कार्डियोलॉजिस्ट प्रो. ओमशंकर बीते 14 दिनों से बिना अन्न ग्रहण किए आमरण अनशन पर बैठे हैं।

बीएचयू प्रशासन ने मरीजों को बेड मुहैया कराने वाले मुद्दे की जांच के लिए एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित कर दी है।

बीएचयू प्रशासन ने एक बयान जारी कर कहा है कि ये कमेटी सर सुंदर लाल अस्पताल में मरीजों की प्राथमिकता के अनुसार बेड उपलब्ध कराने, अस्पताल और बेड मैनेजमेंट की वर्क कैपेसिटी बढ़ाने, ठटउ के मानकों के अनुसार अस्पताल में उपलब्ध समस्त बेडों का क्लासीफिकेशन करने, डॉक्टर नर्स और बाकी स्टाफ के अनुपात को ध्यान में रखते हुए और बाकी बेस्ट मेडिकल इंस्टीट्यूट के अनुसार, बेड मैनेजमेंट और बाकी सुविधाओं की जांच करेगी। कमेटी से अनुरोध किया गया है कि 15 दिनों के अंदर अपनी संस्तुति सौंपे। विश्वविद्यालय प्रशासन का विश्वास और प्रयास है कि क्टर में मेडिकल रिसर्च, शैक्षणिक कार्य और मरीजों कि देखभाल के लिए अधिकतम सुविधाएं नियम अनुसार

न्यू सिटी हॉस्पिटल

- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- जनरल सर्जरी
- प्लास्टिक सर्जरी
- जनरल मेडिसीन
- नाक, कान, गला
- आथोर्पेडिक्स
- यूरोलॉजी
- बाल रोग
- नेत्र रोग

24/7 EMERGENCY SERVICE

डॉ. बी.के. राय
एम.डी (निदेशक)

अवलेशपुर, चुनार रोड, (पेट्रोल पम्प के पास) अमरा चौराहा, वाराणसी मो. 9415996471, 8840263299

परिवर्तन दूत

संपादकीय

आशंकाएं दूर करने को बदलाव जरूरी

हालांकि मोदी सरकार अग्निपथ योजना को सशस्त्र बलों की गेम-चेंजर और युवा शक्ति के जरिये सेना की ताकत बढ़ाने वाली बताती रही है, लेकिन इस योजना के दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर सवाल गाहे-बगाहे उठते रहे हैं। यद्यपि जून 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना फिलहाल गहन विभागीय जांच के अधीन है, लेकिन विशेषकर, विपक्ष को यह मुद्दा आम चुनाव के दौरान रास आ रहा है। जिन इलाकों से ज्यादा युवा सेना में जाते रहे हैं उन इलाकों में कांग्रेस ने सरकार पर तीखे हमले इस योजना को लेकर किये हैं। दरअसल, इस योजना के अंतर्गत सिर्फ पच्चीस फीसदी अग्निवीरों की सेवाओं को बरकरार रखने का प्रावधान है। यही वजह है कि चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर सेवा से बाहर होने वाले अग्निवीरों का मुद्दा राजनीतिक हलकों में विवादास्पद रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस ने अपने आम चुनाव 2024 के घोषणापत्र में वायदा किया है कि वह सत्ता में आई तो इस योजना को खत्म कर देगी। साथ ही सेना, नौसेना व वायुसेना द्वारा अपनाई जाने वाली पुरानी भर्ती प्रक्रिया को पुनः लागू करेगी। हालांकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह कहा था कि सरकार आवश्यकता पड़ने पर योजना में कोई भी बदलाव लाने को लिये तैयार है। इस बयान के कुछ सप्ताह बाद एक प्रमुख समाचार पत्र ने खबर दी है कि सेना भर्ती प्रक्रिया में अग्निवीर योजना के प्रभाव का आकलन करने के लिये एक आंतरिक सर्वेक्षण कर रही है। यह भी कि अग्निवीरों, यूनिट कमांडरों और रेजिमेंटल केंद्रों के कर्मचारियों की राय मांगी जा रही है। फिर सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर सेना संभावित बदलावों के लिये अगली सरकार को सिफारिशें कर सकती है। हालांकि केंद्र सरकार आश्वासन देती रही है कि अग्निवीरों के रूप में शामिल किये गए युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्हें सरकारी व निजी क्षेत्रों में समायोजित करने में वरीयता देने तथा स्वरोजगार के लिये प्रोत्साहित करने की भी बात होती रही है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि सरकार का ये वायदा 75 फीसदी रंगरूटों की नौकरी की संभावनाओं के बारे में आशंकाओं को दूर करने में विफल रहा है। कहा जा रहा है कि सेवा समाप्ति के बाद इन सेवानिवृत्त अग्निवीरों की रोजगार सुरक्षा दांव पर होगी। यही वजह है कि विपक्षी राजनीतिक दल, खासकर कांग्रेस इस नाराजगी का फायदा उठा रही है। पार्टी ने हरियाणा में इसे चुनावी मुद्दा बनाने की भरसक कोशिश की है। निस्संदेह, मौजूदा परिदृश्य में अग्निपथ की गहन समीक्षा आवश्यक है। सैनिकों की कार्यशील आयु कम कर एक सैन्य बल तैयार करने के मकसद को लेकर कोई किंतु-परंतु नहीं है। लेकिन इस योजना के दूरगामी प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश में व्यापक बेरोजगारी व अल्प रोजगार की स्थिति को ध्यान में रखते हुए निराश युवाओं के पुनर्वास के लिये सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में समायोजन के लिये दृढ़ प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी। यद्यपि यह भी हकीकत है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को राजनीति का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। लेकिन सरकारों का भी दायित्व है कि सेना की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए प्रयोगों से बचा जाए। वैश्विक स्तर पर कई विकसित देशों में ऐसे प्रयोग हुए हैं और सफल भी रहे हैं। लेकिन भारत जैसे देश जहां व्यापक बेरोजगारी है और पीढ़ी-दर-पीढ़ी सेना में भर्ती होने की गौरवशाली परंपरा रही है, उनकी भावनाओं से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। युवाओं के लिये सेना की नौकरी जीवन-यापन ही नहीं,विवाह का भी आधार होता है। जब तक उनकी गृहस्थी बसेगी, तब तक उनके रिटायर होने की स्थिति बनने लगेगी। यह असहज करने वाली स्थिति है। सेना के जोखिमों को देखते हुए जवानों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा के प्रति स्थायित्व होना जरूरी है। निश्चित रूप से देश की सुरक्षा और अग्निवीरों के भविष्य में सामंजस्य बेहद जरूरी है। अन्यथा राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे लक्ष्य में भविष्य की अनिश्चितता जवानों की कार्यक्षमता को भी प्रभावित कर सकती है।

दैहिक दैविक भौतिक तापा।
राम राज नहिं काहुहिं ब्यापा।।

पूरब और पश्चिम में बदलता शक्ति संतुलन

पश्चिमी जगत और बाकी की दुनिया के बीच बढ़ते जा रहे मुकाबले में, अब यह स्पष्ट है कि भले पश्चिम के हाथ में अभी भी अधिक ताकत हो किंतु वह कमजोर पड़ता जा रहा है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, अमेरिका की नौसेना का रुख अब दबदबे वाली भूमिका से बदलकर प्रतिरोधक में तब्दील हो गया है। आर्थिक परिधि में भी, अमेरिका का रवैया आक्रामकता से (तकनीक पर प्रतिबंध, व्यापार पर रोक और आर्थिक नाकाबंदी) से बदलकर रक्षात्मक (अमेरिकी बाजार में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त कर लगाना) हो गया है। और यूक्रेन को मिला पश्चिमी समर्थन रूस को नहीं रोक पाया। माओ ने शायद समय से पहले ही घोषणा कर दी थी : एक दिन पूरब की हवा पश्चिमी वायुमंडल पर छा जाएगी। और अब यह होना शुरू हो गया है। सालों तक, पश्चिमी विश्लेषकों और पत्रकारों ने चीन और रूस को पढ़ने में चूक की है। रूस को तो वे आर्थिक रूप से बहुत कमजोर मानते रहे और व्लादिमीर पुतिन को राजनीतिक रूप से चुनौती देने लायक समझते रहे। दशकों पहले चीन के भरभराकर ढहने की भविष्यवाणी भी की गई थी और हाल में उसे समस्याओं से घिरा बताते रहे। फिर भी रूस ने पश्चिमी प्रतिबंधों का अप्रत्याशित रूप से डटकर सामना किया, यूक्रेन में उसका हाथ ऊपर है और पुतिन ने एक बार फिर चुनाव में कार्यकाल अर्जित किया। इसी दौरान, तुलनात्मक आय स्तर वाली अर्थव्यवस्थाओं में चीन सबसे तेजी से बढ़ती आर्थिकी बना रहा। अमेरिका द्वारा चीन से आयातित कुछ वस्तुओं पर लगाए करों में तीखी वृद्धि पूर्ण-स्तरीय व्यापार युद्ध को चालू करने का बायस नहीं बन पाई क्योंकि इसके निशाने पर वह वस्तुएं हैं जिनकी बिक्री चीन अमेरिका में ज्यादा नहीं करता। इसलिए यह प्रतीकात्मक कदम मुख्यतः राष्ट्रपति बाइडेन के घरेलू राजनीतिक हितों को साधने की गरज है। भले ही चीन निशाने पर ली गई इन वस्तुओं में बहुतों का बड़ा उत्पादक है लेकिन वह अपने माल के लिए अन्य मंडियां तलाश लेगा। बल्कि यह अमेरिकी आयातक हैं जिनके पास कुछ वस्तुओं को मंगवाने के वैकल्पिक स्रोत नहीं हैं, फिर चीन तीसरे देश में लगाए अपने कारखानों की मार्फत इन वस्तुओं को अमेरिका पहुंचा सकता है। इसी बीच, अमेरिकी उपभोक्ता महंगा माल खरीदने के लिए विवश रहेंगे। इस प्रकार के रक्षात्मक खेल (जो कि भारी सब्सिडी देकर अमेरिकी उत्पादकता को फिर से जिंदा करने का दूसरा पहलू है) पहले अपनाए गए आक्रामक रुख के विपरीत है। उम्मीद यह थी कि उक्त आक्रामक कदम अमेरिका के दुश्मनों की घेराबंदी करेंगे। कोई शक नहीं कि प्रतिबंधों से चुभन होती है (जैसा कि हमेशा प्रतिबंधों के मामले में होता है) लेकिन इसका असर आंशिक रहा। रूस ने अपने तेल एवं गैस के लिए नए ग्राहक ढूंढ़ लिए जबकि पूरबी यूरोप को अपनी ऊर्जा जरूरतों के अहम स्रोतों के तौर पर सस्ती रूसी गैस से हाथ धोना पड़ा, जिससे जर्मनी जैसे मुल्क की भी आर्थिकी हिल गई। इसी बीच, रूसी अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होती गई। रूस और चीन, दोनों ने भुगतान का नया तरीका विकसित कर लिया और इससे डॉलर पर निर्भरता न रही (अब इनका 95 फीसदी व्यापार स्थानीय मुद्रा में हो रहा है), यहां तक कि एक अलग स्विफ्ट नामक बैंकिंग संचार प्रणाली भी विकसित कर ली है। रूस के रिजर्व खजाने में आज डॉलर के मुकाबले चीनी मुद्रा रेनमीबिस का भंडार अधिक है। उधर चीन अपना धन सोने में बदल रहा है, जिसके लिए पिछले 18 महीनों में भारी स्वर्ण खरीदारी की है। भले ही पीपुल्स बैंक ऑफ चाईना का वर्तमान 2,250 टन सोना कुल रिजर्व भंडार का 5 प्रतिशत से भी कम है, लेकिन आज तक की तारीख तक यह मात्रा सबसे अधिक है। जहां तक तकनीक का मामला है, किसी अन्य देश के मुकाबले चीन इस क्षेत्र में अधिक तेजी से तरक्की कर रहा है। स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और लिथियम बैटरी से चालित वाहन या अन्य उपकरणों में प्रयुक्त इस विशेष जरूरत की आपूर्ति के मामले में चीन बाकी देशों से कहीं आगे है और कुछ मंडियों में अपनी धाक बना चुका है। अब वह इलेक्ट्रॉनिक्स, लाइफ साइंस और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में नई खोज के बूते लंबी छलांग लगाने में सक्षम है। उदाहरणार्थ, हुआवे ने हाल ही में 7 नैनोमीटर वाली चिप से युक्त अपने नए स्मार्ट फोन से पश्चिमी जगत को चौंका डाला और अब 5 नैनोमीटर वाली चिप तैयार करने पर काम चल रहा है। उसने अगले साल तक चिप निर्माण में 75 फीसदी आत्मनिर्भरता पाने का लक्ष्य रखा है। इसी बीच, पश्चिमी देशों की दवा उत्पादक कंपनियों ने भी शंघाई के निकट सुजहोऊ में बायो-बे जैसे विशालकाय नवोन्मेषण केंद्र में बायोफार्मा और लाइफ साइंस में हो रही तरक्की के बूते चीन की उभरती सरदारी को मान्यता दी है। रक्षा क्षेत्र में, चीन अपना चौथा विमानवाहक पोत बना रहा है जो शायद परमाणु ऊर्जा चालित होगा, यह एक अन्य तकनीक बाधा लांघने का प्रतीक है। सच्चाई यह है कि चीन के तकनीक विकास रथ को रोकने में बहुत देर हो चुकी है। रक्षा मोर्चे पर, पश्चिमी टिप्पणीकारों को इस संभावित उलटफेर की चिंता सता रही है कि कहीं रूस यूक्रेन में अपने मंसूबों में सफल हो गया तो आगे बाकी अर्ध-बर्बाद देश को न कब्जा ले। यदि डोनाल्ड ट्रंप की वापसी बतौर राष्ट्रपति हो गई और उन्होंने नाटो संगठन से किनारा करने की अपनी पूर्व धमकी पर अमल कर डाला, तो हालात और बदतर हो सकते हैं। मानव संसाधन, उपकरण, युद्धक सक्षमता और उत्पादक क्षमता में अत्यधिक तंगदस्ती के चलते समूचा यूरोप शीतयुद्ध काल के बाद से लेकर आज के वक्त तक, एकाएक खुद को अधिक जोखिम में महसूस करने लगा है। यूरोपियन देशों का रक्षा बजट पिछले कुछ सालों से सकल घरेलू उत्पाद के तयशुदा ऊपरी अधिकतम स्तर यानी 2 फीसदी को छू गया है। लेकिन अमेरिकी मदद के आश्वासन के बिना यूरोप को व्यवहार्य रक्षा निर्भरता बनाने में कम से कम एक दशक का वक्त लगेगाझ इसमें अमेरिका प्रदत्त परमाणु सुरक्षा चक्र का जिक्र नहीं है। वहीं इसके मुकाबले, रूस और चीन परस्पर सहयोग बनाने में अग्रसर हुए हैं और विश्व में अन्य जगहों पर राजनयिक रूप से नंबर बनाने में सफल हुए हैं। सीरिया में रूस ने सफलतापूर्वक अपना पत्ता चला है और अब वह ईरान से ड्रोन प्राप्त कर रहा है। पिछले साल चीन ने मध्यस्थता करके ईरान और सऊदी अरब के बीच रिश्तों को सामान्य बनवाया। जहां अफ्रीका में चीन इस महाद्वीप के मुल्कों की धन संबंधी जरूरत पूरा करने में अमेरिका से ज्यादा पैसा दे रहा है वहीं एक के बाद एक देश फ्रांसिसी और अमेरिकी सैनिकों को बाहर का रास्ता दिखा रहे हैं और उनकी जगह रक्षा के लिए रूसी सैनिकों को आमंत्रित कर रहे हैं। यहां तक कि दक्षिण-पूर्वी एशिया में भी, वे मुल्क जिनकी अर्थव्यवस्था चीन से जुड़ी हुई है और इस रिश्ते में इजाफा हो रहा है, वे अमेरिका और चीन के बीच चुनाव करने में भेद नहीं करना चाहते। जैसा कि यूक्रेन को दिए जाने हथियारों के मामले में देखने को मिला, अमेरिका ने अपने रवैये से बार-बार दिखा दिया है कि वह एक गैर-भरोसे योग्य मददगार है। पश्चिमी टिप्पणीकार इस तर्क से दलील देते हैं कि चूंकि लंबे अर्से से चीन का एकमेव ध्येय अपने व्यापारिक उद्देश्यों की पूर्ति करना है और इसके लिए तगड़ी सरकारी सहायता देकर उद्योगों को बढ़ावा दे रहा है और अपनी मुद्रा की कीमत में इजाफा किए बगैर अन्य देशों के साथ बहुत बड़ा व्यापारिक आयात-निर्यात असंतुलन पैदा कर रहा है इसलिए देर से सही उसने पश्चिमी जगत को प्रतिरोधक उपाय करने को जगाया है। यह सही भी है। किंतु जो बात वे साथ नहीं जोड़ते वह यह कि चीन के पास अपनी अति प्रतिस्पर्धात्मक घरेलू मंडी है। उदाहरणार्थ, चीन के भीतर, इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली और कुछ नहीं तो 135 कंपनियां हैं। जाहिर है जो सबसे योग्य होगा वह बचेगा, इसलिए दुनियाभर में बीवाईडी अग्रणी इलेक्ट्रिक कार कंपनी बनने को अग्रसर है। तथापि यदि माल खपाने के लिए बड़ी मंडियों से महरूम कर दिया जाए तो चीनी उत्पादक कंपनियों की क्षमता के लिए यह बाधा एक बड़ी चुनौती हो जाएगी। किंतु भारत का अनुभव बताता है, उच्च आयात कर की दीवार खड़ी करके भी चीनी माल को आने से नहीं रोका जा सकता। आज की दुनिया में, चाहे विषय रक्षा का हो या तकनीक की तरक्की का या फिर उत्पादकता एवं व्यापार की ताकत का या राजनयिक चतुराईझ संक्षेप में कहें तो वैश्विक शक्ति संतुलनझ पूर्वी हवा की ताब पहले से कहीं अधिक है।

आज का राशिफल

मेष- चिरवांछित कार्यों में सफलता, शारीरिक सुख, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, 'बकाए धन की प्राप्ति का सुयोग, अधीनस्थ कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त।

वृषभ- निराशा, स्वास्थ्य में शिथिलता, योजना अपूर्ण, अपव्यय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि, अध्यवसाय की ओर रुझान।

मिथुन- समय बेहतर, नवयोजना दृष्टिगत, वैमनस्यता का समापन, शेष समय में दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, समस्याओं से चिन्तित।

कर्क- बुद्धि चातुर्य से कुछेक कार्यों में अनुकूलता, नौकरी में पदोन्नति, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वैवाहिक जीवन में मधुरता, आवागमन में सफलता, लाभ भी।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, समस्या का संतोषजनक समाधान, प्रियजनों से अनुकूलता, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता।

कन्या- प्रतिकूलता प्रभावी, व्यापारिक पक्ष से चिन्तित, वाहन से भय, शेष समय में अधूरे कार्य प्रगति पर, आर्थिक लाभ, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क ।

तुला- किसी योजना का श्रीगणेश, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शेष समय में स्वास्थ्य प्रभावी, लाभ का मार्ग अवरुद्ध ।

वृश्चिक- अधूरी या नवयोजना पर कार्यारम्भ संभव, यश-मान-प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पादित, स्वास्थ्य सुधार पर, आपसी वैमनस्यता का समापन, यात्रा सुखद।

धनु- स्वयं का लिया गया निर्णय हितकर, अधूरी योजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, धन संचय में प्रवृत्ति, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता ।

मकर- प्रतिकूलता, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, शेष समय में उलझनों में कमी, प्रयास सार्थक।

कुम्भ- शुभ परिवार में मंगल आयोजन, मित्रों से सहयोग, मेल-मिलाप में रुचि, शेष समय विपरीत, मनोबल में कमी, कठिनाइयों से तनाव ।

मीन- मनोभिलाषित योजना में सफलता, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, बकाये धन की प्राप्ति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, व्यक्तिगक जीवन में उपलब्धि। पारस्परिक सम्बन्धों में मनमुटाव, सुख के साधन में कमी की अनुभूति, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल।

तब और अब

मुझे लगता है कि इस संसार में हर आदमी जीवन भर जिसे शिद्दत से ढूंढ़ता रहता है, वह होता है उस का खोया हुआ बचपन। निःसंदेह, बचपन की यादें आदमी के हृदय में सदा-सदा के लिए बस जाती हैं और गाहे-बगाहे, कभी-न-कभी, हर किसी को अपना बीता हुआ अतीत, खास रूप से बचपन, याद आता ही है। मैं फुरसत में बहुत कम ही रह पाता हूं, चूंकि महीने में कम-से-कम पंद्रह दिन तो प्रवास में ही बीतते हैं मेरे। कल ही प्रवास से लौटा था, इसलिए आज थोड़ी फुरसत-सी दिखाई दी तो अखबार लेकर बैठ गया था। तभी अचानक दरवाजे से आवाज आई, अरे, भाई! श्रीमान योगी जी घर में विराज रहे हैं क्या? पत्नी इस आवाज को सुनकर चौंकी और अखबार पढ़ते-पढ़ते मेरा ध्यान भी अनायास ही टूटा, तो मैंने भी पत्नी को आवाज लगाई, अरे, जरा देखना तो, बाहर कौन हैं? पत्नी रसोई से उठकर बाहर आई और गेट खोलते ही, जोरों से चहकती हुई सी बोली, अररे! आइए, आइए, भाई साहब! आज कहां से इधर पधार रहे हैं आप? मैंने कौतूहल से भरे हुए देखा कि श्रीमती के साथ, मुस्कुराता हुआ, मेरे बचपन का प्यारा दोस्त सूरज प्रकाश चला आ रहा है। अखबार को मेज पर पटक कर, मैं गर्मजोशी के साथ उठा और आगे बढ़ कर सूरज प्रकाश को मैंने बाहों में भरकर गले से लगा लिया। असल में, सूरज प्रकाश इंटरमीडिएट तक मेरा क्लास-फैलो रहा है और कॉलेज के दिनों में हमारी दोस्ती को देखकर पूरी क्लास हमें हंस कर क्यू-यू कहा करती थी। आज सूरज प्रकाश अधिशासी अभियंता है और मैं पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज का प्राचार्य बन चुका हूं, लेकिन वह मुझे कॉलेज के दिनों की तरह ही, हमेशा बस योगी कहकर बुलाता है और मैं भी उसे तब से ही सिर्फ सूरज ही कहता हूं। हम दोनों ही अपने बचपन की यादों को कभी भुला ही नहीं सके। सूरज का हाथ अपने हाथों में पकड़े हुए मैं उसे ड्राइंग-रूम में ले आया और पत्नी शायद चाय बनाने के लिए मुस्कुराती हुई रसोई में चली गई। मैंने बड़े ही प्यार से सूरज का हाथ दबाते हुए पूछा, कहिए इंजीनियर साहब! कैसी कट रही है आप की आजकल लखनऊ में? हमारी भाभी और बच्चे तो सब मजे में हैं न? यार! कई बार मन हुआ कि तुझसे लखनऊ आकर मिल आऊं, लेकिन बस, मौका ही नहीं लग पाया। तू सुना यार! क्या ठाठ हैं तेरे लखनऊ में? मैंने महसूस किया कि सूरज प्रकाश भी बढ़ती उम्र और ऊंचे पद को ताक पर रखकर, जैसे सुनहले अतीत की मीठी यादों में डूब सा गया है। अनायास ही सूरज कुछ भर्राए हुए से स्वर में बोला, क्या बताऊं, योगी! इधर मैं भी कई उलझनों में बेहद उलझा रहा, लेकिन यार तेरी याद खूब आती रही। इस बीच श्रीमती चाय बनाकर ले आई और सूरज को प्याला पकड़ाते हुए बोली, भाई साहब, यह तो सरासर गलत बात है कि आप अकेले ही चले आए हैं, हमारी भाभी जी को साथ क्यों नहीं लाए? श्रीमती जी के प्यार भरे उलहाने पर जोरों का ठहाका लगाते हुए सूरज बोला, अरे मेरी भाभी! उसे अपने घर और बच्चों से फुरसत मिले, तब ही तो मेरे साथ कहीं आ-जा सकती है? और हम तीनों हंसते हुए चाय पीने लगे। चाय खत्म हुई तो श्रीमती जी बर्तन उठाकर चली गई। तभी अचानक सूरज चहकते हुए बोला, यार योगी! तुझे तो किरण याद है न? अरे, वही जो इंटरमीडिएट में हमारे साथ ही पढ़ती थी? मैं कुछ याद करते हुए बोला, अरे, वो किरण सूद ही न? अरे हां, उसे तो मैंने कई बार डिबेट के लिए भाषण लिख कर दिए थे याद आया, वो तो कई बार मेरे साथ डिबेट में भाग लेने भी गई थी लेकिन बेचारी बस कॉन्सोलेशन प्राइज ही ले पाई और हम दोनों अपने कॉलेज के लिए शील्ड जीतकर लाया करते थे। क्या हुआ किरण को? वो भी तो कहीं इंजीनियर ही थी न? सूरज ने मेरे कंधे पर हाथ रखा और चहकते हुए बोला, अरे यार, योगी! गजब हो गया है। पता है यार, वो किरण आजकल चीफ इंजीनियर हो गई है और मेरी बॉस आजकल वही है। मैं बुरी तरह चौंकते हुए बोला, अरे क्या कह रहा है तू? वो किरण वो कब बन गई चीफ इंजीनियर? तेरी बॉस है वो? तू मिला है क्या किरण से? मैंने सवालों की झड़ी-सी लगा दी, तो सूरज ने सारी बात विस्तार से बताते हुए कहा, यार, योगी! इंटरमीडिएट करने के बाद किरण को तो सीधे बी.टैक. में दाखिला मिल गया था, लेकिन मुझे डिप्लोमा में एडमिशन लेना पड़ा था! बाद में मैं भी ए.एम.आई.ई. करके प्रमोशन लेता रहा। लेकिन मेरे भाई! किरण की तो पहली पोस्टिंग ही सहायक अभियंता के पद पर हुई थी इसीलिए उसे तो प्रमोशन भी जल्दी-जल्दी मिलते गए और आजकल तो किरण हमारी चीफ इंजीनियर है; लखनऊ में ही बैठती है यार। मुझे किरण के बारे में बताते हुए सूरज प्रकाश काफी उत्साहित-सा लगा। अनायास ही सूरज बोला, यार! पिछले सप्ताह एक बहुत जरूरी मीटिंग थी, लेकिन तब तक तो मुझे दूर-दूर तक भी पता नहीं था कि हमारे साथ इंटरमीडिएट में पढ़ी हुई किरण सूद ही चीफ इंजीनियर है असल में यार उसने तो इंटरकास्ट मैरिज करके अपना सरनेम ही बदल लिया है। हमारे साथ पढ़ी हुई किरण सूद तो अब किरण सिंह बन गई है। सच कहूं यार! उसे देख कर मैं तो अचंभे में पड़ गया था। अब तो मेरी भी उत्सुकता बढ़ती जा रही थी। मुझे लगा कि कई वर्षों पहले का अतीत जैसे मेरी आंखों के सामने खुद-ब-खुद साकार होने लगा था। मुझे बेहद भोली-सी, दुबली-पतली सी लड़की का चेहरा याद आया, जो प्रिंसिपल साहब के कहने पर मेरे साथ टीम बनाकर एक स्थानीय भाषण प्रतियोगिता में जाने को तैयार हो गई थी। मुझे याद आया कि मैंने उसे जो भाषण लिखवाया था, उसे पहली बार में ही उस हिम्मती लड़की ने पूरे जोश के साथ प्रतियोगिता में बोलकर सांत्वना पुरस्कार भी जीता था और हम दोनों कॉलेज के लिए बहुत ही बढ़िया शील्ड जीत कर लाए थे। कॉलेज में जब जीती हुई शील्ड हमने अपने प्रिंसिपल साहब को दी थी, तब बहुत ही शालीनता और कृतज्ञता के स्वर में किरण सूद ने प्रिंसिपल साहब को कहा था, सर, मुझे आज जो यह प्राइज मिला है, वह भैया के कारण ही मिला है। प्रिंसिपल-ऑफिस से बाहर आकर मैंने भी बेहद खुश होकर किरण से कहा था, सच कहूं, किरण! तुम बहुत हिम्मत वाली लड़की हो बहुत बढ़िया बोली हो तुम! असलियत तो ये है कि तुम्हारे कारण ही हमारे कॉलेज को आज यह शील्ड मिली है। जाने क्या हुआ कि किरण अत्यंत भावुक हो कर मेरे दोनों हाथ पकड़ कर बोली थी, यह तुम्हारा बड़प्पन है भैया! सच बताऊं तो तुम भी हंसने लगोगे। जब मैं मंच पर बोलने गई थी, तो सचमुच मैं बहुत नर्वस थी और मेरे पांव कांप रहे थे, तभी तुमने अपनी उंगलियों से वी बनाकर जो हिम्मत मुझे दी, उसी के कारण मैं बोलती गई। थैंक यू वैरी मच भैया। फर्स्ट तो तुम ही आए हो, तभी तो हमें यह शील्ड मिली है। **क्रमशः**

भदोही में

सराय कंसराय में चुनाव का बहिष्कार

रेलवे फाटक न बनने पर लोगों ने जताया विरोध

परिवर्तन दूत

भदोही। लोकसभा 78 के अंतर्गत सराय कंसराय के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया।ग्रामीणों द्वारा मतदान बहिष्कार की सूचना पर जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी,पुलिस अधीक्षक समेत आला अधिकारी सराय कंसराय गांव पहुंचे जहा पर ग्रामीणों द्वारा आश्वासन पर भी अपनी जिद पड़ अड़े रहे।ग्रामीणों ने बताया की सराय कंसराय गांव से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,थाना दुगार्गंज,ब्लाक अभोली जाने के लिए ग्रामीणों को करीब 14 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती हैं जबकि रेलवे पटरी पार करके उसकी दूरी महज 5 किलोमीटर की दूरी है किंतु रेलवे फाटक पर फाटक या अंडरपास ना होने के कारण ग्रामीण वर्षो से समस्या से जूझ रहें हैं कई बार फाटक या अंडरपास की मांग को लेकर आला अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से मांग पत्र देने का कार्य किया गया।

लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस पर संज्ञान नही किया फाटक व अंडरपास ना होने के कारण कई बार रेलवे पटरी पार करने में ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो जातें हैं वर्षो से चली आ रही इस मांग को लेकर समस्त ग्रामीण एकजुट होकर अपनी मांग को लेकर चुनाव बहिष्कार की घोषणा की है। सराय कंसराय गांव में बूथ स्थल तक मतदान न पड़ने की सूचना पर सराय कंसराय गांव में जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह,तथा पुलिस अधिक्षक समेत जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंच कर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समेत ग्रामीणों से वोट डालने की अपील की गई लेकिन अपनी मांग को लेकर ग्रामीण अपनी मांग पर डटे रहें और अपनी मांग पड़ अड़े रहें।इस दौरान ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया की मतदान ना करने को लेकर जिले की अधिकारियों द्वारा मतदान करने का दबाव बनाया गया 3:30 बजे तक मतदान करने के लिए लोग नहीं गए।

छह बजे तक 53.06 प्रतिशत मतदान रहा

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। भदोही के तीन विधानसभा का 6 बजे तक 54.31 प्रतिशत वह प्रयागराज के 53. 06 प्रतिशत भदोही 78 भदोही संसदीय सीट पर हो रहे मतदान आज शाम 6 बजे तक भदोही के तीन विधानसभा क्षेत्र में 54. 31प्रतिशत मतदाता मतों का प्रयोग कर चुके थे। वहीं प्रयागराज के दो विधानसभा क्षेत्र में 53.09 प्रतिशत मतदाता मतों का प्रयोग कर चुके हैं। 6 बजे तक भदोही जिले के भदोही विधानसभा क्षेत्र के 54.20 प्रतिशत ज्ञानपुर विधानसभा के 52. 67 प्रतिशत व औराई विधानसभा के 56.06 प्रतिशत मतदाता मतों का प्रयोग कर चुके हैं वहीं हडिया विधानसभा क्षेत्र के 50.26 प्रतिशत प्रतापपुर के फोन 52.27प्रतिशत मतदाता मतों का प्रयोग कर चुके।

शाम 5 बजे तक 50.69 प्रतिशत मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया। भदोही के तीन विधानसभा का 5:00 बजे तक 51.89 प्रतिशत वह प्रयागराज के 50. 67 प्रतिशत भदोही 78 भदोही संसदीय सीट पर हो रहे मतदान आज शाम 5 बजे तक भदोही के तीन विधानसभा क्षेत्र में 51. 8 9प्रतिशत मतदाता मतों का प्रयोग कर चुके थे।

सब्जी विक्रेता दुर्बली गौतम की निर्मम हत्या

एएसपी,सीओ पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे

परिवर्तन दूत

भदोही। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के कौलापुर गांव मे रेलवे ट्रैक के समीप सब्जी विक्रेता दुर्बली गौतम 58 निवासी सत्तू का तारा आनापुर की निर्मम हत्या कर दी गई है।सब्जी लदी उसकी साइकिल घटना स्थल से कुछ दूर पाया गया' मृतक चकपड़ौना मे युनियन बैंक के पास सब्जी बेच कर जिविकोपार्जन करता था। घटना की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक डा. तेजबीर सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात राय पुलिस बल व फोरेसिंस टीम के साथ मौके पर पहुच कर मौका मुआयना किया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोपीगंज थाना क्षेत्र के आनापुर निवासी दुर्बली चकपड़ौना मे युनियन बैंक के पास सब्जी बेच कर अपने परिवार का भरणभोषण करता था।प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की रात लगभग 10 के बाद अपनी दुकान बंद कर घर वापस जा रहा था। शुक्रवार की रात कौलापुर रेलवे ट्रेक के दक्षिणी तरफ अज्ञात हमलावरों ने उसके सर पर प्रहार कर निर्मम हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक से 50 कदम की दूरी पर ले जाकर फेंक दिया और उसकी सब्जी लदी साइकिल को कुछ दूरी पर खड़ी कर फरार हो गए। शनिवार को सुबह शौंच के लिए निकले लोगों ने खेत में रक्त रंजित शव देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर एएसपी, क्षेत्राधिकारी,प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम को भेजकर कर फॉरेंसिक टीम सहित जांच में लग गए। ग्रामीणों ने बताया की मृतक काफी मिलनसार था किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी किन कारणों से हत्या की गई यह रहस्य बना हुआ है।

वही बताते है की मृतक के 3 पुत्र 2 पुत्रियां है पुत्रो का विवाह कर दिया है वही पुत्रियां अविवाहित है।कुछ लोग घटना का कारण पांच वर्ष पूर्व ऊंज थाना क्षेत्र में आनापुर निवासी एक युवक की सर कूचकर हुई हत्या को मान रहे है। बहरहाल यह जांच का विषय है। परिवार के लोग उसकी निर्मम हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की जांच करने की मांग की है।

10 प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में बंद

भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो। 78 लोकसभा भदोही संसदीय सीट से सायं 10 प्रत्याशियो का भाग्य एवीएम में बंद हो गया । सभी ईवीएम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्थान स्ट्रांग रूम में रखी गई ।देर शाम तक रखी गई। मालूम कि संसदीय सीट से तीन विधानसभा भदोही, ज्ञानपुर व औराई है। जबकि दो विधानसभा हंडिया व प्रतापपुर प्रयागराज जिले में है। जहां दोनो की ईवीएम मशीन इलाहाबाद के स्ट्रांग रूम में रखी गई। 10 प्रत्याशियों का भाग्य का पिटारा 4 जून को अब खुलेगा। पांचो विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखी गई।

डीएम ने केशवपुर सरपत में क्रिया मतदान

भदोही (परिवर्तन दूत)। जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने मतदान केंद्र प्राथमिक स्कूल केशवपुर सपरपतहां के बूथ संख्या 357 में मतदान किया। जिलाधिकारी ने आज अपने मतदान का प्रयोग करते हुए प्राथमिक विद्यालय केशवपुर सर्वप्रथम में जाकर अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने लोगों से अपील किया कि से समय में अपना मतदान कर नियमों का पालन करें।

सपा के लोग हो जायेंगे चारों खाने चित- योगी

परिवर्तन दूत

चंदौली। जिला मुख्यालय पर जनसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सबका अभिवादन किया। बोले एक ही नारा गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। अबकी बार 400 पर का नारा सुन करके तो समाजवादी पार्टी के लोग चारों खाने चित हो जाते हैं। क्योंकि लोग जानते हैं कि उनका चुनाव लड़ने का चित्र कुछ भी नहीं क्योंकि केंद्र में सरकार बनाने के लिए 273 सांसद चाहिए। उन्होंने कहा समाजवादी तो 60 - 62 सीट पर ही चुनाव लड़ पा रही है। वो जनता से पूछते हैं कि भाजपा 400 पर कैसे पाएगी, तो जनता जनार्दन कहती है जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। राम भक्त ही दिल्ली के सिंहासन पर राज करेगा।

समाजवादी रामद्रोही पार्टी है। राम जन्म भूमि और काशी में संकट मोचन मंदिर पर आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमा को इन्होंने वापस लिया था। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हैं। मुख्यमंत्री बनते ही सबसे पहले फैसला इन्होंने आतंकवादियों के मुकदमों को वापस लेने का लिया था।

हमने राम लाला को 500 वर्षों के बाद विराजमान कर दिया। बीजेपी ने बड़े-बड़े जो माफिया बनते थे उनकी राम नाम सत्य कर दी है। मोदी जी के नेतृत्व में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ। अयोध्या में रामलाल फिर से विराजमान हुए। मैं कहता हूं जो लोग पाकिस्तान का राग अलापते हैं, वो पाकिस्तान चले जाएं। वहां उनको कोई भीख भी नही देगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी डा. महेंद्र नाथ पांडेय के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का भी बखान किया।

चंदौली लोकसभा से भाजपा ने केंद्रीय मंत्री डा. महेंद्र नाथ पांडेय लगातार दो बार सांसद रह चुके हैं। इस बार का चुनाव जीत कर महेंद्रनाथ पांडेय हैट्रिक लगाने के प्रयास में हैं। हालांकि सपा के प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह से डा. पांडेय को कड़ी टक्कर मिल रही हैं। ऐसे में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लोग चंदौली में चुनावी प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा को देखते हुए पुलिस प्रशासन के लोग सुरक्षा व्यवस्था में जुटा रहा। एएसपी विनय कुमार सिंह के मुताबिक चुनावी जनसभा के लिए 800 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। इसके अलावा मंच पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सीएम सुरक्षा में तैनात लोगों के पर रही। जनसभा में जाने वाले सभी व्यक्तियों की जांच के बाद ही इंट्री दिया गया।

मिर्जापुर में आज जनसभा को संबोधित करेंगे मोदी

अपर पुलिस महानिदेशक ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

परिवर्तन दूत

मिर्जापुर। मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा की तैयारियों का अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया ने निरीक्षण किया। इसके बाद सुरक्षा में तैनात जवानों को ब्रीफिंग किया। उन्होंने सजगता, सतर्कता के साथ आम जन मानस के बीच सावधानी रखने की नसीहत दी। उन्होंने जवानों को तेज धूप के बीच स्नेहिल स्वभाव के साथ अपने कर्तव्य पालन करने को कहा। ब्रीफिंग के दौरान मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डा. मुथुकुमार स्वामी बी, पुलिस उप-महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ब्रीफिंग में शामिल हुए। लोकसभा निर्वाचन के तहत वीआईपी एवं वीवीआईपी के आगमन पर जनसभा कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस, पीएसी एवं प्रशासनिक अधिकारीगण की ब्रीफिंग की गयी।

भदोही लोकसभा चुनाव

प्रेक्षक सहित डीएम एसपी रहे सक्रिय

भदोही (परिवर्तन दूत)। छठे चरण के चुनाव में भदोही संसदीय सीट से दिनभर मतदान का कार्य चलत रहा। सभी प्रेक्षक व जिलाअधिकारी विशाल सिंह पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यान सहित अन्य अधिकारी बूथों पर चक्रमण करते रहे। तथा मतदाताओं से असुविधा विधाओं के बारे में पूछते नजर आए। फिर भी पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। कहीं से कोई अप्रिय घटना घटने की बात नहीं आई।

मतदान के दिन भी निकली जागरूकता रैली

भदोही (परिवर्तन दूत)। मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया गया विकासखंड सुरियाव के ग्राम प्रधान पुरेमनोहर अनिल सिंह के नेतृत्व में मतदान के पूर्व मतदान के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए मतदाताओं तथा ज्ञानालय में पढ़ने वालें बच्चो के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।इस दौरान पहले मतदान फिर जलपान का संदेश दिया गया।

मतदेय स्थलों पर पीने की पानी की व्यवस्था रही

भदोही (परिवर्तन दूत)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद भदोही में सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ अर्थात सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं- शीतल पेयजल, छायादार विश्राम स्थल, शौचालय, प्राथमिक चिकित्सा किट, व्हीलचेयर और रैम्प की सुविधा, वॉलिंटियर्स, लंबी लाइन में बैठने की सुविधा, प्रत्येक बूथ पर ब्रेल लिपि में जानकारी आदि सुविधाएं उपलब्ध है।

मत देने के बाद हुई दुल्हन की विदाई

भदोही (परिवर्तन दूत)। 394 विधानसभा औराई के ग्राम पंचायत रयापुर में मालती देवी की शादी 24 तारीख को रात में संपन्न हुई आज सुबह मालती देवी द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग बूथ पर जाकर किया गया इसके बाद दुल्हन अपने ससुराल गई दुल्हन को बहुत-बहुत बधाई दी गई। बताया जाता है उसे गांव की मालती देवी की शादी बीती रात हुई। सुबह विदाई का समय आया तो दुल्हन ने कहा कि हम अपना मत देकर ही ससुराल जाएंगे, लोगों ने उसकी बात मानकर उसको पहले मतदान कराया फिर बाद में विदाई हुई।

बैंड बाजे के साथ मतदान करने आए प्रधान

भदोही (परिवर्तन दूत)। ग्राम पंचायत चकसहाब में ग्राम पंचायत के प्रधान ग्राम पंचायत के सदस्य बैंड बाजा के साथ मतदान करने को मतदान केंद्र पर पहुंचे वह मतदान किया चक साहब ग्राम के प्रधान बैंड बाजे के साथ मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचे तो लोग आकर्षित होकर देखने लगे। बाद में वह मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के बाद फिर गाजियाबाद के साथ वापस लौट गए यह चर्चा का विषय बना रहा। मॉडल बूथ नगर पंचायत घोसिया में उत्साहपुर मतदान का कार्य चल रहा है।

सड़क पार कर रहे युवक की वाहन की चपेट में आने से मौत

भदोही, परिवर्तन दूत ब्यूरो। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के जगीगंज पुलिस चौकी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आ जाने से श्याम जीत चौहान 25 वर्ष गुलौरा नई बाजार भदोही की मौत हो गई। भदोही थाना क्षेत्र के गुलौरा नई बाजार निवासी महेद्र चौहान का पुत्र श्याम जीत चौहान शुक्रवार को सायंकाल बलीपुर ससुराल जाने के लिए जगीगंज पहुचा। सड़क पार कर ससुराल से आए बाइक सवार के पास जा रहा था। मोबाइल पर बात करते हुए सड़क पार करते समय पुलिस चौकी के पास प्रयागराज की तरफ से वाराणसी की ओर जा रहे किसी वाहन की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौत की जानकारी पर पहुंचे आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दे दिया। मौके पर पहुची चौकी पुलिस उसे गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले आई जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया'छह भाइयों में सबसे छोटा श्याम जीत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। पिछले वर्ष उसकी शादी हुई थी। घटना की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

सपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अहरौरा, मिर्जापुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंडिया गठबंधन (सपा) प्रत्याशी रमेश बिन्द का कार्यालय, दिन शुक्रवार की शाम अहरौरा नगर क्षेत्र के टिकरा खरंजा के पास फीता काटकर हुआ उद्घाटन। वही सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद के नेतृत्व में मुख्य अतिथि राकेश पाल मड़िहान विधानसभा चुनाव प्रभारी व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आगरा एवं विशिष्ट अतिथि शैलेश यादव प्रदेश प्रवक्ता सपा के द्वारा समाजवादी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिसकी संचालक विजय यादव जमालपुर ब्लॉक अध्यक्ष ने किया। इस कार्यालय के उद्घाटन में इंडिया गठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान रविंद्र बहादुर पटेल, शैलेश पटेल, सदानंद यादव, प्रमोद केसरी, अमर चौहान, आनंद गुप्ता, जमीला बेगम आदि उपस्थित रहीं।

बीएलओ को वितरित हुआ वोटर सूची

डोर टू डोर बीएलओ मतदाताओं को वितरण करेंगे वोटर पर्ची

परिवर्तन दूत

सकलडीहा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम मिश्रा के निर्देश पर सकलडीहा विधान सभा के सभी बीएलओ को वोटर सूची सहित अन्य सामान का वितरण किया गया। बीएलओ डोर टू डोर मतदाताओं को वोटर गाइड लाइन के साथ मतदाता स्लिप का वितरण करेंगी। इससे वोटरों को मतदान के दिन सीधे मतदान देने का सुविधा मिलेगा। मतदान के दिन मतदाताओं को बूथ पर किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से लगातार चुनाव आयोग द्वारा जारी सुविधाओं को दिलाने में जुटा है। सकलडीहा तहसील में कुल 206 मतदान केन्द्रों पर 357 बूथ बनाये गये हैं। प्रत्येक बूथ पर बीएलओं को तैनात किये गया है। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को वोटर स्लिप व वोटर गाइड लाइन वितरण किया जाना है। इसको लेकर उपजिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम मिश्रा के निर्देशन में सभी बीएलओ को वोटर सूची के साथ वोटर स्लिप व वोटर गाइड लाइन वितरण किया गया। इस मौके पर सुबह से बीएलओ को निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा सुपरवाईजरों की निगरानी में वितरण कराया गया। इसके साथ ही सभी बीएलओ को बीएलओ रजिस्टर भी मुहैया कराया गया। इस बाबत तहसीलदार राहुल सिंह ने बताया कि दो दिनों के अंदर सभी मतदाताओं को वोटर स्लिप डोर टू डोर पहुंचाने के लिये निर्देशित किया गया है। सुपरवाईजर रंजना सिंह, प्रशांत, सुजीत, सुरेश जायसवाल, शाकिब अली, अजीत, रचना भारती, सतीश, लोकनाथ सहित अन्य रहे। सकलडीहा विधान सभा के कुल 357 बूथ पर 339498 मतदाता है। जिसमें 181485 पुरूष और 158006 महिला मतदाता है। 4736 युवा और 2849 दिव्यांग और 1642 बुर्जुग मतदाता है। 7 थर्ड जेंडर मतदाता है।

धारदार हथियार से हमला कर वृद्ध की हत्या

हमलावर मौके से फरार जांच में जुटी पुलिस

परिवर्तन दूत

मुगलसराय। अलीनगर थाना क्षेत्र में कैली-चंदौली मार्ग स्थित तारापुर रेलवे फाटक के समीप शनिवार को चाय विक्रेता एक वृद्ध का धारदार हथियार से हत्या कर अज्ञात हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। इसको लेकर लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अलीनगर थाना क्षेत्र के रुप्पीपुर गांव निवासी रिटायर्ड रेलकर्मी रामप्रसाद प्रजापति विगत दिनों की भांति शनिवार को लगभग 4 बजे सुबह में तारापुर रेलवे फाटक के पास चाय की दुकान खोलने के लिए गए थे। वहीं पहले से घात लगाए अज्ञात बदमाशों ने इनकी धारदार हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया। करीब आधा घंटे बाद बाद इनकी पत्नी चनरा देवी दूध लेकर दुकान पर पहुंची, तो अपने पति को खून से लतपथ गिरे हालत में देखकर शोर मचाने लगी। आवाज मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गयी।

परिजन घायल स्थिति में रामप्रसाद को निजी वाहन से ट्रामा सेंटर वाराणसी इलाज के लिए ले गए। जहां चिकित्सकों ने मौत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।घटना की पुलिस पारिवारिक विवाद के अलावा विभिन्न पहलुओं पर जांच पड़ताल में जुटी है। सीओ अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि सुबह वृद्ध का धारदार हथियार से हत्या करने की घटना के बारे में जानकारी मिली थी। मृतक के परिजन से प्राप्त तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही मौके पर कानून व्यवस्था सामान्य व नियंत्रण में है। जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है।

लाठी डंडे से पीट-पीटकर की गई वेल्डिंग मिस्त्री की हत्या

पिता की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज

अहरौरा, मिर्जापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलखरा गांव में शुक्रवार की शाम लगभग आठ बजे आपसी विवाद में वेल्डिंग मिस्त्री राहुल कुमार उर्फ राजू हरिजन पुत्र जसवंत (28) वर्ष को कुछ युवकों ने लाठी डंडे से पिट-पिट कर हत्या कर दी गई।

बताया जाता हैं कि शुक्रवार की शाम राहुल वेल्डिंग मिस्त्री का कार्य करके घर जा रहा था तभी कुछ युवकों ने राहुल को घेरकर मारने पीटने लगे तभी पिता जशवंत ने बीच बचाव करने लगे और जसवंत को भी हटाकर युवकों ने राहुल को लाठी डंडे से पिट-पिटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया वही परिजनों ने राहुल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जहां पर चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीएचसी पहूंचे सीओ नक्सल मड़िहान अमर बहादुर व थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह, नगर चौकी प्रभारी मनोज राय, एसएसआई राकेश सिंह, एसआई रामदशरथ पाल सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहूंचकर घटना कि जानकारी लिए। वही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा मृतक के पिता जसवंत के तहरीर पर बेलखरा निवासी मुख्य आरोपी जितेन्द्र हरिजन सहित कुल चार लोग के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

इस संदर्भ में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया की मृतक के पिता जसवंत हरिजन ने तहरीर दिया है की शुक्रवार को देर शाम लगभग आठ बजे मेरे लड़के (28) वर्षीय राहुल को जितेंद्र और उसके सहयोगी, घर के बीच रास्ते में गली में एक बास के डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की हत्या क्यों की गई इसका कोई आरोप पिता ने अपनी तहरीर में नही लगाया है। वही चर्चा है की मृतक का आरोपी की पत्नी से संबंध था जिससे अजीज आकर आरोपी ने हत्या कर दी। अक्सर दोनों साथ में नशे का सेवन करते थे। चर्चा है की घटना के पूर्व भी दोनों साथ में नशा किए थे। फिलहाल आरोपी फरार और पुलिस तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है की जब तक आरोपी जितेन्द्र पकड़ा नही जाता कुछ भी कहना जल्द बाजी होगा। मृतक के भाई अभय ने बताया की राहुल का गांव के ही एक लड़के से विवाद था शाम को कुछ कहा सुनी हुई इसके बाद उसने लाठी से राहुल की पिटाई कर दिया। राहुल को तत्काल आसपास के लोगों के सहयोग से सामूदायिक स्वास्थ केन्द्र अहरौरा लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

इस संदर्भ में मड़िहान सीओ नक्सल अमर बहादुर ने बताया की घटना की जांच की जांच की जा रही है अवैध संबंध सहित कई बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। मुख्य आरोपी फरार है जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया की हत्या का मुख्य आरोपी जितेन्द्र हरिजन अहरौरा बाजार में ही एक डी जे रखने वाले के यहां शादी समारोह में जाकर बैण्ड बाजा बजाने का कार्य करता है।

परिवर्तन दूत

वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार

गाजीपुर में कहा- कांग्रेस को काम लटकाने और हक मारने में काबिलियत हासिल

गाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गाजीपुर में कहा- काम लटकाने और हक मारने में कांग्रेस को काबिलियत हासिल है। वीर जवानों को वन रैंक वन पेंशन तक नहीं मिलने दी। यह तब लागू हुई जब मोदी आया। इन लोगों ने जवानों की तपस्या का माखौल उड़ाया। 2013 में बीजेपी ने मुझे पीएम पद के रूप में घोषित किया। हरियाणा की रैली में मैंने वादा किया था। पीएम ने कहा- मुझे कितना संतोष होता है कि हमारी सरकार हर गरीब को मुफ्त राशन दे रही है। कोरोना के संकट में भी सरकार ने गरीब का चूल्हा बुझने नहीं दिया। कांग्रेस सपा के राज में गरीबों ने दिक्कत उठाई है।

आप याद करिए कांग्रेस कैसे सरकार चलाती थी। गहमरी बाबू के ताड़ीघाट का काम छह दशक तक लटका रहा, लेकिन पुल नहीं बना। पुल तब बना जब मोदी को आपने सेवा का अवसर दिया। पीएम मोदी ने शनिवार को गाजीपुर में जनसभा को संबोधित किया।

भोजपुरी से की भाषण की शुरूआत: मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत भोजपुरी से की। कहा- रउरी काशी के पावन धरती पर आप सब गाजीपुर के लोगन के हमार प्रणाम बा। बनारस वालों के लिए तो गाजीपुर आना ऐसा ही है, जैसे बगल के मोहल्ले में आ गए। बनारस वाले अगर गाजीपुर आ जालन केहु फोन करे त कहेलन अरे इहैं बगले में हईं भैया।

मोदी ने मुख्तार के नाना महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान अंसारी को भी याद किया। कहा- गाजीपुर का इतिहास देश की सीमाओं को पता है। यह पराक्रम और शौर्य की गाथा बताता है। शिवपूजन राय, भागवत मिश्रा, वीर अब्दुल हमीद जैसे सैनानी की धरती है। फौजियों का गहमर गांव यह नाम ही काफी है। यहां हर घर से जाबांज निकलते हैं। पूरा देश इस मिट्टी का ऋणी है।

कांग्रेस ने हमेशा राजनीति की : पीएम ने कहा- गाजीपुर जब भी आता हूं, तो मुझे एक पुराना प्रसंग बार-बार याद आता है। यह इसका गवाह है कि कैसे इंडी गठबंधन वालों ने विश्वासघात किया। आजादी के बाद कांग्रेस ने कसम खा ली थी कि इस क्षेत्र का विकास नहीं करेंगे। यहां के लोग गरीबी में घुट-घुटकर जीने को मजबूर थे। गहमरी बाबू ने नेहरू जी को यहां की स्थिति बताई, आंख में आंसू लेकर कहा कि कैसे यहां के लोग गोबर में गेंहूं बीनकर खाते थे। लेकिन कांग्रेस ने इसमें भी राजनीति की। इंडी के लोग कह रहे हैं कश्मीर में धारा 370 वापस लाएंगे। ये फिर से आतंकवाद लाना चाहते हैं। गाजीपुर को तो गर्व है कि गाजीपुर का बेटा आज जम्मू कश्मीर की कमान संभाल रहा है। कश्मीर में भी लोग गाजीपुर का नाम जान गए हैं। यहां के लोग जानते हैं कि कमल खिलता है तो विकास की खुशबू कैसे फैलती है। यहां जो काम 60 साल में नहीं हुआ, हमने 10 साल में करके दिखाया है।

अचानक मौसम ने बदली करवट

मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित

सोनभद्र। सोनभद्र में शनिवार को दिन में बारिश कई इलाकों में देखने को मिली। रॉबर्ट्सगंज में जहां जमकर बारिश हुई, तो वहीं जिले के कुछ अन्य इलाकों में छुटपुट बारिश हुई। बारिश से मौसम जरूर सुहाना हुआ है। लेकिन आने वाले कुछ घण्टों में उमस भयंकर रूप से होने लगी। जिससे गर्मी के मौसम में लोगों का जीना और भी दुर्भर हो गया है।

मौसम ने करवट बदलकर भीषण गर्मी से जहां लोगों को राहत पहुंचाई है। वहीं आंधी तूफान के साथ हुई बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों के कई घरों को नुकसान पहुंचा हैं। शनिवार को कुछ हिस्से में मूसलाधार बारिश हुई। तो वहीं अलग-अलग हिस्सों में भी बारिश का बड़ा असर देखने को मिला। रॉबर्ट्सगंज के कई इलाके में हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। खबर के मुताबिक, शनिवार को गर्मी और उमस के बीच दोपहर के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और झमाझम बारिश शुरू हो गई।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, बहन के घर से आ रहा था वापस

सोनभद्र। ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार युवक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना घोरावल कोतवाली क्षेत्र के पुरना 12 नंबर गेट के समीप घटी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मुक्खा निवासी विजय आदिवसी (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। चालक मौके से फरार हो गया। परिजन ने बताया कि शुक्रवार दोपहर विजय अपनी बहन को पहुंचाने के लिए मिजार्पुर के पटेहरा गांव गए थे। जहां बहन को पहुंचाने के बाद शाम को वह अपने घर मुक्खा के लिए लौट रहा था। जैसे ही वह पुरना गांव के पास गेट नंबर 12 के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर आस-पास से गुजर रहे लोगों की भीड़ जुटी। किसी ने सूचना एंबुलेंस व पुलिस को दी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोरावल ले जाया गया जहां चिकित्सक देवेश पांडेय ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों मे कोहराम मच गया। विजय दो भाइयों मे छोटा था। विजय की शादी बीते 28 अप्रैल को करमा थाना क्षेत्र के खोराडीह गांव में हुई थी।

दो जगह ईवीएम खराब, लोग हुए परेशान

आजमगढ़। निजामाबाद क्षेत्र में आज सुबह सात बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मतदान शुरू किया गया है। तभी दो जगहों पर ईवीएम में खराबी होने के कारण मतदान आधा घंटा विलंब से चालू किया गया है। रोंवा और असीलपुर बूथ पर ईवीएम में कुछ खराबी होने के कारण साढ़े सात बजे से वोटिंग शुरू हुई है।

चार बूथों पर मतदाताओं की लगी लाइन : निजामाबाद तहसील क्षेत्र के फरिहा में चार बूथों पर सुबह से ही लंबी लाइन

मतदान करने को लेकर मतदाता करते रहे इंतजार, लोग बढ़ चढ़कर कर करने पहुंचे मतदान

में लगकर लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते दिखे। निजामाबाद बड़ागांव सरायमीर तहबरपुर आदि जगहों पर सुबह से लोग लाइन में खड़ा हो कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। हर बूथ पर वृद्ध और विकलांग वोटरों के लिए व्हील चेयर कि व्यवस्था चुनाव आयोग द्वारा किया गया था। जगह मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया । लंबी लाइनों में खड़ा होकर लोग अपने मताधिकार करने का इंतजार करते रहे । सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपजिलाधिकारी निजामाबाद सन्त रंजन थाना प्रभारी निजामाबाद थाना प्रभारी सरायमीर यादवेन्द्र पांडेय क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थे।

रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

आजमगढ़ में 2 आरोपी अरेस्ट, रेलवे की 2 फर्जी आईडी बरामद

आजमगढ़। जिले की पुलिस ने रेलवे में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़ित अनुज भरद्वाज जो कि देवरिया बुजुर्ग जिला मऊ के रहने वाले है। पुलिस को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी शशिकांत पांडेय, मंजू पांडेय, विकास पांडेय, अमन पांडेय जो आजमगढ़ जिले के अहिरौला थाना क्षेत्र के भीमलपट्टी के रहने वाले हैं। आरोपियों ने रेलवे में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी की। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी। इसके तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। **16 मुकदमों का आरोपी है:** मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर श्रीप्रकाश मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की आरोपी शशिकांत पांडेय और दिनेश कुमार पांडेय पश्चिम पट्टी निषाद बस्ती तिराहा कुंआ के पास है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। आरोपियों के कब्जे से रेलवे के दो फजी आईकार्ड भी पुलिस ने बरामद किया है। आरोपियों पर 16 गंभीर

किर्गिस्तान में फंसे तीन भारतीय छात्र

एमबीबीएस की करने गए थे पढ़ाई, 29 मई को वापस लौटेंगे घर

आजमगढ़। निजामाबाद क्षेत्र के सुराई ग्राम सभा के दो छात्र एशिया महाद्वीप के देश किर्गिस्तान में फंसे हुए हैं। जहां पर हिंसा फैली हुई है। वहां के स्थानीय लोग बाहरी लोगों पर हमला कर रहे हैं। हिंसा फैलने की जानकारी होते ही सुराई गांव में छात्रों के परिजनों की चिंता बढ़ गई है। परिवार वाले अपने बच्चों के सलामती की दुआ करने के साथ ही जल्द से जल्द घर वापसी का इंतजार कर रहे हैं।

किर्गिस्तान में फंसे भारत देश के तीन छात्र : बच्चों के परिवार के लोगों ने बताया है कि निजामाबाद थाना क्षेत्र के सुराई गांव के दो छात्र चकिया हुसैनाबाद का और एक सरायमीर खरेवां मोड़ का हैं। जो किर्गिस्तान में एमबीबीएस की पढ़ाई करने गए थे।किर्गिस्तान में हिंसा होने के कारण तीनों छात्रों के वापसी का टिकट हो गया है।

परिजनों के अनुसार निजामाबाद के सुराई निवासी मो. आतिफ, अबु होरैरा व चकिया हुसैनाबाद निवासी युसूफ के वापसी का टिकट हो गया है। जो 29 मई को तीनों छात्र वापस घर लौट रहे हैं। वाट्सएप कॉल पर सुराई निवासी आतिफ ने बताया कि 13 मई से यहां के हालात खराब है। पहले तो सिर्फ पाकिस्तानी छात्रों पर हमला हो रहा था लेकिन अब हर विदेशी छात्रों पर भी हमला किया जा रहा है। साथ ही सभी को हास्टल में रखा गया है। बाहर एकदम नहीं निकलने दिया जा रहा है। बता दे कि आगामी 29 मई को छात्रों की घर वापसी की फ्लाइट है। परिवार के लोग बच्चों के सकुशल आने का इंतजार कर रहे हैं।

मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

अनुपस्थित कार्मिकों पर कार्रवाई का निर्देश गाजीपुर में सातवें चरण में 1 जून को होगा मतदान

गाजीपुर। गाजीपुर में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों के चल रहे प्रशिक्षण में गैरहाजिर कर्मियों पर एक बार फिर कार्यवाही के निर्देश हुए हैं। गैरहाजिर आधा दर्जन मतदान कार्मिकों पर विधिक कार्रवाई का फरमान जारी किया गया है। लोकसभा समान्य निर्वाचन-2024 को लेकर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी कार्मिक संतोष कुमार वैश्य एवं जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज के निर्देशन में निर्वाचन में लगे मतदान कार्मिको का द्वितीय प्रशिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पीजी कालेज में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय पाली में 1320-1320 कुल 2640 मतदान कार्मिको को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कुल 33 कक्षों में ईवीएम की सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रत्येक कक्ष में प्रोजेक्टर/लैपटाप के माध्यम से पीपीटी चलाकर प्रशिक्षण दिया गया। मतदान 1 जून को प्रातः 07.00 बजे से सायं 6.00 बजे के मध्य सम्पन्न होगा। प्रशिक्षण के दौरान कुल 6 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। प्रभारी कार्मिक अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि गाजीपुर में सातवें चरण के तहत 1 जून को मतदान होना है। जिसकी तैयारी में जिला प्रशासन जुटा हुआ है। पिछले कई दिनों से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

सोनांचल संघर्ष वाहिनी ने इंडिया गठबंधन को दिया समर्थन

सोनभद्र। अलग राज्य सोनांचल आन्दोलन के प्रमुख और सोनांचल संघर्ष वाहिनी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल यादव ने पार्टी के विकास नगर राबर्ट्सगंज स्थित केन्द्रीय कार्यालय पर प्रेसवार्ता की। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद यह लोकसभा का आम चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह चुनाव देश में व्याप्त महा बेरोजगारी, महंगाई और देश के संविधान को बचाने के मुद्दों को लेकर देश की जनता खुद चुनाव लड़ रही है। सोनांचल संघर्ष वाहिनी ने इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि सोनांचल संघर्ष वाहिनी दल के संघर्षों का सफर काफी लंबा रहा है। सोनांचल संघर्ष वाहिनी हमेशा सोनांचल की बुनियादी सवालों को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रही है।

बढ़ने लगी चुनावी उड़न खटोलों की गूंज

अखिलेश यादव की जनसभा 27 मई को, सैदपुर में 26 मई को सीएम योगी का कार्यक्रम प्रस्तावित

गाजीपुर। प्रधानमंत्री मोदी की गाजीपुर में आयोजित 25 मई की रैली के दो दिन बाद 27 मई को सपा मुखिया अखिलेश यादव रैली करेंगे। पीएम की रैली के दो दिन बाद और चुनाव के बेहद नजदीक होने वाली ये रैली काफी अहम मानी जा रही है।

जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने बताया कि इंडी गठबंधन से सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी के समर्थन में 27 मई को आरटीआई मैदान में दोपहर 12:40 बजे हेलीकॉप्टर से अखिलेश यादव जनसभा में पहुचेंगे। इसके ठीक एक घंटे बाद 1:40 पर वो चंदौली में होने वाली जनसभा के लिए रवाना हो जाएंगे।

वहीं आगामी रविवार 26 मई को सैदपुर नगर स्थित टाउन नेशनल इंटर कॉलेज के मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम प्रस्तावित हुआ है। इसके बाद से ही चुनावी सभा के इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर, जिला प्रशासन और भाजपा के पदाधिकारी सक्रिय हो गए हैं।

इसी क्रम में एमएलसी विशाल सिंह चंचल व डीएम आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह सैदपुर पहुंच कर पुलिस अधीक्षक ने टाउन नेशनल इंटर कॉलेज के मैदान और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। ताकि सीएम की सुरक्षा तैयारी को पुख्ता किया जा सके।

संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत

गाजीपुर। सेवराई तहसील के गहमर कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव के समीप एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाली महिला की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेजवाया।

करहिया गांव के पास ईंट भट्ठे पर राधिका बनवासी (30) अपने पति अशोक बनवासी के साथ ईंट पाथने का काम करती थी। बताया जा रहा कि बीती रात पति-पत्नी खाना खाकर सोए की सुबह वह मृत अवस्था में मिली। राधिका के देवकली मायके से उसकी मां आई और भट्ठे मालिक को बिना कोई सूचना दिए उसका शव लेकर अपने घर चली गई। घटना की जानकारी जब भट्ठा मालिक अजय सिंह को हुई तो उन्होंने घटना की लिखित तहरीर गहमर थाने में दी है। ईंट भट्ठा मलिक अजय सिंह का आरोप है कि दोनों पति-पत्नी आए दिन शराब के नशे में धुत होकर आपस में मारपीट किया करते थे। हो सकता है कि बीती रात भी दोनों आपस मे मारपीट किए होंगे और चोट लगने के कारण राधिका की मौत हुई होगी। पुलिस भट्ठा मालिक की तहरीर पर मृतका के पति को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। वहीं मृतका के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। कोतवाल अशोक मिश्र ने बताया कि उसके पति से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का स्पष्ट कारण पता चल सकेगा।

आग से झुलसकर युवती की मौत

खाना बनाते वक्त हुआ हादसा, गैस पाइप में लीकेज से फैली आग

गाजीपुर। सैदपुर के सादात थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 8 में शनिवार को खाना बनाते वक्त एक हादसा हो गया। जिसमें गैस की आग से झुलसकर एक नवयुवती की मौत हो गई। घटना की सूचना पर सादात थाने की पुलिस मृत युवती के परिजनों से मिलकर शव का पोस्टमॉर्टम कराने के काम में जुट गई है।

बता दें कि सादात थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत के वार्ड संख्या 8 निवासी शबाना (18) पुत्री नेसार अहमद शनिवार की शाम को गैस पर खाना पका रही थी। उस समय घर पर कोई नहीं था। इस दौरान गैस पाइपलाइन में हो रहे लीकेज से आग युवती के कपड़ों में लग गई। देखते ही देखते युवती का पूरा शरीर आग के शोलों में तब्दील हो गया। शबाना की चीख पुकार सुनकर आसपास के पड़ोसी दौड़ते हुए उसके घर पहुंचे और कड़ी मशक्कत कर आग बुझाया। तब तक शबाना आग से बुरी तरह झुलस चुकी थी। गंभीर रूप से झुलसी शबाना को लेकर आनन-फानन में उसके परिजन सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच कर शबाना को मृत घोषित कर दिया। शबाना के मौत की खबर सुनते ही उसके साथ मौजूद परिजनों की आंखें छलक उठी और वह स्वास्थ्य केंद्र में ही रोने लगे। शबाना अपने पिता की तीन संतानों में सबसे छोटी थी। उससे बड़ी उसकी दो बहने रेहाना और अफसाना है। जो पिता के साथ दर्जी की दुकान पर सिलाई का काम करती हैं। पुलिस ने शुरू की पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई घटना की खबर सुनते ही पिता, बहनों साहित शबाना की मां अनीस फातिमा का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर सादात थाने की पुलिस ने शव के पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

रास्ते के विवाद में प्रॉपर्टी डीलर को मारी गोली

तीन पर मुकदमा दर्ज, प्रभारी बोले-जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारी

गाजीपुर। जमानियां अंतर्गत सुहवल थाना क्षेत्र के डुहिया गांव में बीते शुक्रवार की रात को जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। रास्ते में मिट्टी गिराने को लेकर हुए विवाद में नोकझोंक के बीच एक युवक ने प्रॉपर्टी डीलर अभिषेक राय (26) को लक्ष्य कर गोली मार दी। संयोग रहा कि गोली पैर के निचले हिस्से में लगी। जिसके कारण गोली लगने से वह घायल हो जमीन पर गिर गया। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई।

वहीं गोली मारने वाला युवक मौके से असलहा लहराते हुए फरार हो गया। गोली चलने की बात क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड इकठ्ठा हो गई। गोली चलने की सूचना पर पुलिस महकमे में मचा हड़कंप गोली चलने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी तो प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सीओ अनूप कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच छानबीन में जुट गए, जबकि घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

इधर घायल के पिता अरविन्द राय ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर मामले में आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। मगर उनका अभी कुछ पता नहीं चल सका है। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि डुहिया गांव के समीप हाईवे किनारे बने मकान पर आने-जाने के लिए पिता-पुत्र अरविन्द और अभिषेक मिट्टी गिरा रास्ता बनाने में जुटे थे। इसी बीच बगल के ही अंशु राय और संजय ने उन्हें खुद के मकान से दूर मिट्टी गिराने की बात कही। इसी को लेकर दोनों पक्षों में नोकझोंक होने लगी, तभी अंशु राय ने गोली चला दी जो अभिषेक राय के पैर में जाकर लग गई। घटना में वह घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। जिन्हें जल्द दबोच लिया जाएगा।

सोनभद्र पहुंची अनुप्रिया

सोनभद्र। सोनभद्र में कैबिनेट मंत्री और अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का एक दिवसीय दौरा शनिवार को नगवां के कहरौल पहुंची। जहां अनुप्रिया पटेल ने जनसभा को संबोधित करते हुए अपना दल यस की प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। बता दें कि अनुप्रिया पटेल शनिवार की दोपहर 4 बजे पहुंचकर कार्यकताओं को संबोधित की। जनसभा स्थल पहुंचकर मंच से कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार की। वहीं एनडीए गठबंधन अपना दल एस की प्रत्याशी रिंकी कोल और विधानसभा दुद्धी के उपचुनाव के प्रत्याशी श्रवण गौड के पक्ष में जनसभा का संबोधित की। बता दें की सोनभद्र में सातवें और अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होना है। ऐसे में यहां पर एनडीए गठबंधन अपना दल यस की प्रत्याशी रिंकी कोल है।

वेलकम टू द जंगल में जैकी श्रॉफ की एंट्री

मुंबई। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से एक्टर संजय दत्त के बाहर होने की खबर ने फैंस को निराश कर दिया था। बताया गया कि एक्टर ने कुछ दिन की शूटिंग करने के बाद इस फिल्म से हटने का फैसला लिया। अब इस फिल्म की कास्ट और कहानी में बड़ा बदलाव किया गया है। संजय दत्त के बाहर होने के बाद जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। लेकिन एक्टर की संजू बाबा की जगह नहीं लाया गया है और न ही एक्टर उनका वाला किरदार निभाएंगे। कहानी में भी हुआ है बड़ा बदलाव। वेलकम 3 की शूटिंग पिछले कुछ समय से चल रही थी, बिहाइंड द सीन वीडियोज भी वायरल हुए थे।

लाइफ Style

जाह्नवी

साथ काम करने मांगी थी मन्नत

जाह्नवी कपूर ने साल 2018 में फिल्म धड़क से बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म को कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। हालांकि इसके बाद जाह्नवी ने कई फिल्में कीं और इस इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है।

2018 से लेकर अब तक जाह्नवी ने 7 फिल्में की हैं और अब उनकी 8वीं फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज होने वाली है। यह फिल्म क्रिकेट पर आधारित है और इसमें जाह्नवी के साथ राजकुमार राव लीड रोल में हैं। जाह्नवी फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं और इसी दौरान एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने बताया कि पंकज त्रिपाठी के साथ काम करने के लिए उन्होंने मन्नत मांगी थी।

दरअसल, जाह्नवी से पूछा गया कि क्या कोई ऐसा है जिससे वह मिलना चाहती थीं या जिससे कभी नहीं मिलना चाहती हों तो इस पर जाह्नवी ने कहा कि मैं पंकज त्रिपाठी जी से के साथ काम करना चाहती थी। उनके साथ काम करने का मेरा सपना था। मैं पागलों की तरह बिहेव करती थी क्योंकि मैं उनकी बहुत बड़ी फैन थी और अब भी हूं। मैंने मन्नत ली थी कि वह मेरी फिल्म गुंजन सक्सेना को करने के लिए हां कह दें। इतना ही नहीं मैं तो शाकाहारी भी बन गई थी। बता दें कि गुंजन द सक्सेना फिल्म में पंकज ने जाह्नवी के पापा का किरदार निभाया था। फिल्म में वह जाह्नवी को पूरा सपोर्ट करते दिखे हैं। वहीं कई इंटरव्यूज में दोनों ने एक-दूसरे के काम की तारीफ की है। जाह्नवी के बाकी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो उनके पास और भी कई बड़ी और दिलचस्प फिल्म है।

हॉलीवुड मसाला

कोर्ट ने एंजेलिना से मांगा जवाब

लॉस एंजिलिस। एंजलिना जोली और ब्रैड पिट कभी हॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक थे। मगर अब दोनों विवादों के चलते सुर्खियों में रहते हैं। दोनों के बीच बच्चों की कस्टडी के अलावा फ्रेंच वाइनयार्ड को लेकर भी विवाद चल रहा है। कुछ साल पहले एंजेलिना ने फ्रेंच वाइनयार्ड से अपना हिस्सा बेच दिया था। अब उन्हें ब्रैड पिट के साथ सभी एनडीए पेश करने का आदेश दिया गया है। पिछले आठ साल से एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के बीच 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फ्रांसीसी वाइनरी, चेटो मिरावल के स्वामित्व पर चल रहे विवाद में एक नया मोड़ आ गया है।

मासूम वैकना बना 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का शैतान

लॉस एंजिलिस। डफर ब्रदर्स की निर्मित साई-फाई, हॉरर और मिस्ट्री ड्रामा 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' सबसे पॉपुलर वेब सीरीज में से एक है। इसके चार सीजंस आ चुके हैं, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे दूसरी दुनिया के राक्षस धरती पर आकर हॉकिंस का जीना हराम करते हैं। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की कहानी हॉकिन्स शहर होता है, जहां अजीबोगरीब घटना होती है। हॉकिन्स में दो पैरलल दुनिया है। धरती पर दूसरी दुनिया से राक्षस आ रहे हैं। तीसरे सीजन तक, इलेवन इंडियाना ग्रुप के साथ मिलकर दूसरी दुनिया से आये राक्षसों का खात्मा करती है और उन्हें में हो रहे बच्चों संग एक्सपेरिमेंट का खुलासा करती है। इलेवन भी उसी लैब से भागकर आती है। चौथे सीजन में उसका सामना सबसे खतरनाक राक्षस का सामना होता है, जिसका नाम वैक्ना है।



लुक्स के लिए करते ही हैं ट्रोल : अलाया

मुंबई। बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा अलाया एफ इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे राजकुमार राव के साथ फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आ रही हैं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म से पहले वे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं। वहीं हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अलाया ने अपनी निजी जिंदगी और बॉलीवुड से जुड़े कई अनुभवों को दर्शकों के संग साझा किया है। अलाया एफ फिल्मों में अभिनय के अलावा अपने बेबाक अंदाज के लिए भी मशहूर हैं। वे अपनी मां पूजा बेदी की तरह ही अपनी बातों को बेझिझक रखना जानती हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अलाया एफ ने कहा, 'लोगों को चैन नहीं है। वे आपके लुक्स के लिए आपको ट्रोल करेंगे।

सिंघम अवतार देख फैंस हुए पागल

मुंबई। रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फैंस भी रोहित शेट्टी की फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन में अजय देवगन का लुक शेयर किया है। अजय देवगन की जो तस्वीर रोहित शेट्टी ने शेयर की है उसमें वो बहुत इंटेस नजर आ रहे हैं। रोहित शेट्टी ने जो तस्वीर शेयर की उसमें अजय देवगन जम्मू-कश्मीर पुलिस की गाड़ियों और कंमाडोज के साथ पोज करते नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर अपने सिंघम अवतार की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने कैप्शन में लिखा- ऑन ड्यूटी अगेन, अजय देवन का सिंघम अवतार देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। वो फिल्म को लेकर बहुत से कमेंट्स कर रहे हैं।

टीवी मसाला

कीकू शारदा नहीं लाएंगे खुद का शो कपिल के शो में मिलती है इज्जत

मुंबई। कपिल शर्मा इस वक्त अपनी पूरी टीम के साथ नेटफ्लिक्स पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं।सुनील ग्रोवर से लेकर चंदन प्रभाकर और सुमोना चक्रवर्ती उनके कॉमेडी शो को पास्ट में बीच में छोड़कर जा चुके हैं। हालांकि, एक इंसान जो इस शो से लगातार जुड़ा हुआ है, वो हैं कीकू शारदा। हाल ही में कीकू शारदा ने बताया कि इतना कमाने के बावजूद भी वह कभी कपिल शर्मा का साथ छोड़कर खुद का शो क्यों नहीं शुरू करते हैं। एक साक्षात्कार में कीकू ने कहा, मेरे मन में कपिल के लिए इज्जत है। यह बात सच है कि मुझे भी कई लोग कहते हैं कि आप अपना शो क्यों नहीं शुरू करते हैं। लेकिन मैं जानता हूं कि 10-15 मिनट के एक्ट के लिए मुझे कितनी मेहनत करनी पड़ती है। कपिल एक से डेढ़ घंटे वह मेहमानों से बात करते हैं। वह जो काम करते हैं, वह उतना आसान नहीं है, जितना दिखाई देता है। कई बार ऐसा हुआ है कि जब मैं स्टेज पर परफॉर्म करता हूं, तो वह सोफे के पीछे जाकर खड़े हो जाते हैं।

मसाला कारोबार की जंग में सोनी चैनल का नया प्रयोग

मुंबई। ओटीटी के आने के बाद से अपनी धार खोता जा रहा छोटा परदा इन दिनों प्रयोगों के समंदर में तैरते रहने के लिए नई कोशिशें करता दिख रहा है। सास-बहू जैसे धारावाहिकों से इतर हो रहे इन प्रयोगों की नई कड़ी है, सोनी चैनल का नया धारावाहिक 'पुकार - दिल से दिल तक'। राजस्थान की पृष्ठभूमि पर बना यह शो परिवार के संबंधों की परतों को खोलता है और एक स्त्री के जीवन के संघर्षों के कुछ नए मानक प्रदर्शित करने की कोशिश करता है। अभिषेक निगम, सायली सालुंखे, अनुष्का मर्चेंड, सुमुखी पेंडसे और सुखदा खांडकेकर जैसे कलाकारों ने इस धारावाहिक के मुख्य किरदार निभाए हैं। सायली सालुंखे ने धारावाहिक 'पुकार - दिल से दिल तक' में वेदिका का किरदार निभाया है। उनके मुताबिक, 'अपनी मां वाली छवि को तोड़ने के लिए मैंने इस शो को हां कहा था। इस शो में मैं एक ऐसी भूमिका निभा रही हूं, जो न्याय की गहरी भावना रखने वाली एक नेक, स्वतंत्र वकील है। वह हमेशा सही काम करने की कोशिश करती है।

माधवन ने अनिल कपूर को किया रिप्लेस

मुंबई। अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म दे दे प्यार दे ने ऑडियंस को एंटरटेन किया था। फिल्म में उम्र के फर्क को पार करते हुए एक अनोखी लव स्टोरी दिखाई गई जिसके सीक्वल की चर्चा लंबे समय से चल रही है। हमने आपको जानकारी दी थी कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर नजर आ सकते हैं। फिल्म में एक्टर रकुल के पिता और अजय देवगन के ससुर के किरदार में दिखेंगे। लेकिन अब ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार झक्कास अनिल कपूर इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्हें शैतान एक्टर आर माधवन ने रिप्लेस किया है।अनिल कपूर को दे दे प्यार दे 2 की कहानी इतनी शानदार लगी थी कि एक्टर ने सुनते ही फिल्म के लिए हां बोल दिया था। उन्हें अजय देवगन के होने वाले ससुर के किरदार में देखना भी मजेदार होता। लेकिन अब रिपोर्ट के मुताबिक आर माधवन ये किरदार निभाने वाले हैं। वो अभी तक के सभी किरदारों से हटकर रकुल के पिता और अजय के ससुर के किरदार में दिखेंगे।

17 साल बाद प्रीति जिंटा ने कॉन्स के रेड कारपेट पर दिखाया जलवा



मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा उन अभिनेत्रियों में से रहीं है, जिनकी एक्टिंग ही नहीं बल्कि फैंस उनकी खूबसूरती के भी दीवाने रहे। प्रीति की डिंपल वाली स्माइल पर आज भी फैंस अपना दिल हार बैठते हैं। प्रीति बीते लंबे वक्त से एक्टिंग से दूरी हैं। प्रीति जिंटा ने 17 सालों के बाद कॉन्स में कमबैक किया है। इस दौरान प्रीति का लुक बेहद चर्चा में बना हुआ है। कॉन्स के अपने फर्स्ट लुक से प्रीति ने हर किसी का दिल जीता है। रेड कारपेट का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में प्रीति व्हाइट शिमरी गाउन पहने नजर दिख रही हैं, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस ड्रेस के साथ प्रीति ने हाई बन बनाया है जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। वीडियो में प्रीति समंदर किनारे पोज देती दिख रही हैं। इस वीडियो को उनके एक फैन क्लब ने शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है।

आबू धाबी के हिंदू मंदिर में दर्शन करने पहुंचे रजनीकांत

मुंबई। सुपरस्टार रजनीकांत ने हाल ही में आबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के दर्शन किए। अभिनेता की तस्वीरें बीएपीएस हिंदू मंदिर के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गई हैं। इनमें वे मंदिर प्रांगण में नजर आ रहे हैं। पूजा अर्चना कर अभिनेता ने भगवान का आशीर्वाद लिया। मालूम हो कि इस बीच रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग की तरफ से गोल्डन वीजा दिया गया है। बीएपीएस हिंदू मंदिर के आधिकारिक एक्स अकाउंट से रजनीकांत की फोटो और वीडियो साझा की गई हैं, जिनमें वे मंदिर परिसर में नजर आ रहे हैं। मंदिर ने कैप्शन में लिखा है, 'लोकप्रिय भारतीय अभिनेता रजनीकांत आबू धाबी मंदिर आए'। रजनीकांत ब्लैक ट्राउडर और व्हाइट टीशर्ट में नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि आबू धाबी के इस मंदिर का उद्घाटन फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

रिलीज से पहले कई वर्षों तक कानूनी पचड़े में फंसी फिल्में

मुंबई। भारत में सिनेमा को पसंद करने वालों लोगों की संख्या काफी ज्यादा हैं। यही वजह है कि भारत में हर साल हजारों फिल्में बनती हैं। इस दौरान कई फिल्में एडिटिंग टेबल से उतर कर आसानी से सीधा सिनेमाघरों में पहुंच जाती हैं। वहीं, कुछ फिल्मों को सिनेमाघरों में पहुंचने से पहले कई पापड़ बेलने पड़ते हैं। अक्सर फिल्मों को लेकर विवाद देखने को मिलता रहता है। कई ऐसी भी फिल्में रही हैं, जो कानूनी पचड़े में फंस कर कई वर्षों तक रिलीज ही नहीं हो पाईं। आज हम बात करेंगे ऐसी ही उन फिल्मों के बारे में, जो रिलीज से पहले ही कानूनी पचड़े में फंस गईं।

'जॉली एलएलबी 3'

'जॉली एलएलबी' काफी पसंद की जाने वाली फ्रेंचाईजी बन चुकी है। इसके पहले भाग 'जॉली एलएलबी' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। अब तीसरी कड़ी 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। हालांकि, शूटिंग शुरू होते ही फिल्म कानूनी पचड़े में फंसती नजर आ रही है। अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राठौड़ ने निर्माताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत में दावा किया गया है कि फिल्म न्यायप्रणाली का मजाक बनाती है।

'कुली'

सुपरस्टार रजनीकांत की आगामी फिल्म 'कुली' काफी चर्चा बटोर रही है। अभिनेता के फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। यह एक एक्शन एंटरटेनर होगी। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनकराज कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म रिलीज होने से पहले ही कानूनी पचड़े में फंसते नजर आ रही है। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स आई थी कि देश के दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने उनके संगीत के अनाधिकृत उपयोग पर मेकर्स को लीगल नोटिस भेजा है।

'केरला स्टोरी'

साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था। इस फिल्म में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बलानी आदि अहम भूमिकाओं में नजर आई थीं। फिल्म का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया था। वहीं, विपुल अमृतलाल शाह फिल्म के निर्माता थे। फिल्म में दिखाया गया है कि केरल में गैर मुस्लिम महिलाओं को इस्लाम में धर्मांतरण करने के लिए मजबूर किया जाता है। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद से ही इसे लगातार विरोध झेलना पड़ा।

'पद्मावत'

यह एक भारतीय ऐतिहासिक फिल्म है, जिसका निर्देशन संजय लीला भंसाली द्वारा किया गया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और शाहिद कपूर नजर आए थे। फिल्म में चितौड़ की प्रसिद्ध राजपूत रानी पद्मिनी के बारे में बताया गया था। इस फिल्म में अलाउद्दीन खिलजी को रानी पद्मिनी के आकर्षण में चितौड़गढ़ पर आक्रमण करता दिखाया गया है। फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था। फिल्म की शूटिंग के दौरान भी कुछ लोगों द्वारा निर्देशक से मारपीट तथा सेट पर तोड़फोड़ करने की खबरें आई थीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक- डॉ. वरुण कुमार उपाध्याय द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा.लि.,जी.टी. रोड रोहनियां, वाराणसी से मुद्रित कराकर एन 8/250 टी 24ए, राजेन्द्र विहार कॉलोनी, सुन्दरपुर, वाराणस-221005 से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक- *प्रवीण कुमार राय*

RNI No. : UPHIN/2023/84879 Mob. - 9335988525 Email : pdnewsvns@gmail.com

समस्त विवादों का निस्तारण वाराणसी न्यायालय के अधीन ही होंगे। खबरों के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेदार होंगे।

परिवर्तन दूत

प्रेमिका की हत्या कर किया सुसाइड

पीलीभीत में शादीशुदा युवक ने मौत से पहले बनाया वीडियो, कहा- मैंने गलत किया था

पीलीभीत। शाहजहांपुर के पिज्जा हब में गर्लफ्रेंड की हत्या के आरोपी युवक ने दो दिन बाद सुसाइड कर लिया। पीलीभीत में शनिवार सुबह उसका शव पेड़ से लटका मिला। सुसाइड से पहले आरोपी ने वीडियो बनाया। इसमें वह कह रहा है कि उसने नर्स के साथ गलत किया था। इसलिए, अब जान दे रहा है। पुलिस ने उस वीडियो को जब्त कर लिया है। पूरनपुर थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतक शुभम शुक्ला पंडरिया गांव का रहने वाला था। वह शादीशुदा था। घर से 500 मीटर दूर उसका शव मिला। उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

शाहजहांपुर में गुरुवार को पिज्जा हब के बाथरूम में युवती का शव मिला था। युवती निजी हॉस्पिटल में नर्स थी। एसपी अशोक कुमार ने बताया था कि युवती शुभम शुक्ला के साथ दोपहर में आई थी। पिज्जा हब में कपल्स को अवैध तरीके से रूम भी दिए जाते थे। दोनों ने एक रूम किराए पर लिया था। पिज्जा हब के रूम में करीब 2 घंटे रहने के बाद शुभम वहां से निकल गया। मैनेजर से उसने कहा कि वह थोड़ी देर में आ रहा है। काफी देर तक जब नहीं लौटा तो पिज्जा हब के ओनर अभिषेक कश्यप ने कमरे में जाकर चेक किया। वहां बाथरूम में युवती की लाश पड़ी थी। गला दबाकर उसकी हत्या की गई थी। पुलिस को शक है कि शुभम वारदात के बाद गांव में कहीं छिपा था। जब उसे लगा कि पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी तो उसने आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले जो वीडियो बनाया था वह पुलिस ने नहीं दिया है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि इस वीडियो में शुभम ने अपना जुर्म कबूला है। वह कह रहा है कि नर्स के साथ उसने गलत काम किया था। ऐसे में वह भी सुसाइड कर रहा है। पुलिस ने बताया कि शुभम तीन भाइयों में बड़ा था। डेढ़ साल पहले उसकी शादी हुई थी। 4 महीने का बेटा है। शुक्रवार को शाहजहांपुर पुलिस दबिश देने उसके घर पहुंची। शुभम नहीं मिला तो उसके दो भाइयों को हिरासत में ले लिया। पिता राजेंद्र शुक्ला से भी थाने ले जाकर पूछताछ की। गुरुवार को शाहजहांपुर में वारदात के बाद शुभम घर पहुंचा था लेकिन, किसी को कुछ बताया नहीं था। इसके बाद वह घर से भाग गया। शुक्रवार को पुलिस ने उसकी तलाश में कई जगह छापेमारी की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। शुरूआती जांच में पता चला है कि जिस युवती की शुभम ने हत्या की वह भी पूरनपुर की रहने वाली थी। शुभम और युवती पहले से एक-दूसरे को जानते थे। शुभम की शादी के बाद दोनों में विवाद होने लगा। युवती शाहजहांपुर में अपने मामा के यहां रहकर एक हॉस्पिटल में नर्स का काम करती थी। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार को शुभम शाहजहांपुर से पीलीभीत पहुंचा। वहां से युवती के साथ पिज्जा हब पहुंचा। वहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद शुभम युवती की हत्या करके वहां से भाग आया।

पुलिस ने शुभम की तलाश के लिए 3 टीमें लगाई थी, लेकिन गिरफ्तारी से पहले ही उसने सुसाइड कर लिया। युवती के पिता ने शुभम पर रेप के बाद शुक्रवार को हत्या की एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में पिज्जा हब के कर्मचारियों पर भी साथ देने का आरोप लगाया है। पोस्टमॉर्टम के बाद रेप की पुष्टि के लिए स्लाइड भेज दी है।

अमेठी में फॉल्ट ठीक करते समय लाइनमैन की मौत

नौकरी और साढ़े सात लाख की सहायता के आश्वासन पर अंतिम संस्कार

अमेठी। जिले के बेलखरी गांव के रहने वाले संविदा लाइनमैन की लाइन का फाल्ट ठीक करते समय बिजली आने से मौत हो गई। परिजनों ने अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसडीओ विद्युत ने परिवार के एक सदस्य की नौकरी और साढ़े सात लाख रुपए की आर्थिक सहायता संबंधित संस्था के माध्यम से दिलाने का वादा किया। पीठीपुर उपकेन्द्र पर संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत बेलखरी निवासी राजकुमार कोरी बुधवार को लाइन में आई फाल्ट ठीक करने गए थे। इसी समय बिजली आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। शव घर आने के बाद परिवार के एक सदस्य को नौकरी और आर्थिक सहायता की मांग को लेकर परिजनों ने शव को दरवाजे पर रखकर अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया था। शुक्रवार को एसडीओ और अवर अभियंता बेलखरी गांव पहुंचे और मृतक की पत्नी सीमा और उनके पुत्रों से मिले। परिजनों मांग को मानते हुए एसडीओ ने सम्बंधित संस्था के हवाले से साढ़े सात लाख रुपए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। तब जाकर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जिपं अध्यक्ष ने 50 हजार की आर्थिक मदद : जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि भी मृतक के परिजनों से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया। उनके पहुंचने पर घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सीमा बेसुध हो गई थी। उन्होंने सीमा को 50 हजार रुपए देकर आगे भी मदद का भरोसा दिलाया। वहीं विद्युत कर्मचारियों ने भी आपसी सहयोग से आर्थिक मदद की।

सपा नेता रेवती रमण सिंह दो घंटे बाद रिहा

प्रयागराज। प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटें इलाहाबाद और फूलपुर में वोटिंग खत्म हो गई है। इलाहाबाद में शाम 6 बजे तक 51.75% और फूलपुर में 48.94%% वोटिंग हुई थी। फाइनल आंकड़े आना अभी बाकी हैं। दोनों सीटों पर कुल 29 प्रत्याशी मैदान में हैं।

प्रयागराज में कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के पिता और पूर्व सांसद (सपा) रेवती रमण सिंह को पुलिस ने 2 घंटे तक हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया। लेकिन वह अभी भी करेली थाने में खड़े हैं। यहां से वापस नहीं जा रहे हैं। वे धरना देने की बात कह रहे हैं। पुलिस उन्हें समझाने का प्रयास कर रही है। दरअसल बूथ के बाहर अराजक तत्व हंगामा कर रहे थे। इसके बाद पुलिस मौके पर मौजूद भीड़ को हटाने में लगी थी। पुलिस ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को भी वहां से हटा दिया। जिसके बाद कांग्रेसी हंगामा करने लगे। इसकी सूचना मिलने पर रेवती रमण सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को खदेड़ने का विरोध किया। इसको लेकर पुलिस से उनकी नोकझोंक हो गई। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मतदान किया। उन्होंने कहा- वोट डालना लोकतंत्र के महत्वपूर्ण पर्व पर हमारा अधिकार भी है। हमारा कर्त्तव्य भी है। मैं फूलपुर लोकसभा का मतदाता भी हूं। इसलिए मैं अपने परिवार के साथ मतदान करने आया हूं। मैं सबसे अपील करता हूं कि सभी मतदान करने जरूर जाएं। माफिया अतीक के घर चकिया एरिया में सन्नाटा है। 20 सालों तक वोटिंग के दिन जहां मजमा होता था, वहां आज मलवा है। कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने कहा- विपक्ष को 4 जून के बाद मातम मानना पड़ेगा, क्योंकि नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तीसरी बार एनडीए सरकार बनने जा रही है। उनका दावा है कि जनता इस बार जाति-धर्म से परे हटकर सिर्फ और सिर्फ विकास के मुद्दे पर मतदान कर रही है। इस चुनाव में विपक्ष कहीं नजर नहीं आ रहा है।

बूथ से कांग्रेसियों को हटाने का विरोध किया था, पुलिस से झड़प के बाद लिए गए थे हिरासत में

मेड ने अफसर की पत्नी के दो लाख उड़ाए

गोरखपुर के रहने वाले उपखंड अधिकारी ने दर्ज कराया केस, ससुर ने दिए थे रुपए

प्रयागराज। घर में झाड़ू-पोछा करने वाली मेड ने मालकिन के पर्स दो लाख रुपए उड़ाए और मोबाइल बंद कर लापता हो गई। जार्जटाउन थाने में बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी हर्ष गुप्ता ने मेड खुशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद नौकरानी का मोबाइल नंबर बंद है। सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है। गोरखपुर के कैंपियरगंज के रहने वाले हर्ष गुप्ता बिजली विभाग में उपखंड अधिकारी नैनी के पद पर कार्यरत हैं। वह जार्जटाउन में पन्नालाल रोड स्थित पुष्प विला में परिवार संग रहते हैं। उन्होंने जार्जटाउन थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी के बैग से रुपए चोरी हो गए। यह रुपए पत्नी के पिता उसे उपहार में देते आ रहे हैं। बैग में लगभग दो लाख रुपए थे। हर्ष गुप्ता का कहना है कि नौकरानी खुशी ने ही उनके घर से नकदी गायब की है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों से घर में घरेलू कार्य के दौरान वह ताक झांक करती रहती थी। एकाएक नौकरानी गायब हो गई। उसका मोबाइल भी बंद हो गया। पत्नी ने अपना पर्स चेक किया तो दो लाख रुपए गायब थे। पुलिस खुशी नामक नौकरानी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस ने नौकरानी की आईडी भी मांगी है।

सदर कानूनगो आगरा की हत्या में आरोपी भाई बरी

25 साल पहले हुई थी हत्या, ट्रायल कोर्ट ने दी थी आजीवन कारावास की सजा



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आगरा के सदर कानूनगो की 25 साल पहले हुई हत्या के आरोपी को सजा से बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष संदेह से परे आरोपी को दोषी ठहराने में नाकाम रहा। लिहाज अपीलकर्ता को संदेह का लाभ मिलेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिवशंकर प्रसाद की खंडपीठ ने राजवीर सिंह की अपील को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि संपूर्ण साक्ष्यों से यह नहीं कहा जा सकता है कि घटना अभियुक्त ने की है। वह भी तब जब घर में दो अन्य पुरुष मौजूद हों।

प्राथमिकी के अनुसार सदर कानूनगो नेम सिंह पांच अगस्त 1999 को रात आठ बजे लौटे थे। खाना खाने के बाद बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण वह बैठका के बाहर चबूतरे पर अकेले सो गये। सुबह करीब पांच बजे पत्नी जमीरा देवी घर से बाहर निकली तो देखा कि उसकी खाट के नीचे खून बह रहा है। चारपाई पर गर्दन और चेहरे पर किसी तेज धार वाले हथियार से वार कर कुछ अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। मामले की प्राथमिकी आगरा के डौकी थाने में धारा 302 के साथ आईपीसी की विभिन्न धाराओं में अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुई।

अपीलार्थी राजवीर सिंह का नाम जांच के दौरान सामने आया। पुलिस ने मृतक की पत्नी और बेटी के बयान के बाद अपीलार्थी भाई राजवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। ट्रायल कोर्ट ने जुमार्ने के साथ आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपीलार्थी ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती दी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद तथ्यों और परिस्थितियों में मेल न पाते हुए आरोपी को बरी कर दिया।

संक्षिप्त खबरें...

पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

बहराइच। बहराइच की रूपईडीहा पुलिस ने कानपुर से चोरी की गई बाइक पर घूम रहे अंतर्राष्ट्रीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की दस अन्य बाइकों को भी बरामद किया है। दोनों के खिलाफ चोरी और अन्य धाराओं के मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। नानपारा रूपईडीहा मार्ग पर उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव व चौकी प्रभारी राम गोविंद पुलिस बल के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक पर दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस के रोकने पर उन्होंने भागने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। गाड़ी के कागज न होने पर जब पुलिस कर्मियों ने पूछताछ की तो दोनों ने बताया कि यह गाड़ी चोरी की है। हम लोगों ने इसे चन्द्रकांत अस्पताल कानपुर नगर से एक साल पहले चोरी की थी। पुलिस की और कड़ाई से पूछताछ पर इन्होंने चोरी की अन्य बाइकों को छुपाने की जानकारी दी। छुपा कर रखी चोरी की दस बाइकों को बरामद किया। अपर पुलिस अधीक्षक रामा नंद कुशवाहा ने बताया की रूपईडीहा पुलिस ने रियाज और अब्दुल सलाम नाम के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। ये लोग भारत के महानगरों से वाहन चुराकर नेपाल में और वहां से वाहन चुराकर भारत में बेचते थे। इन दोनों के खिलाफ धारा 411,413, 420 समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

दरगाह मेले को लेकर डीएम ने की बैठक

बहराइच। सालार मसऊद गाजी की दरगाह पर 30 मई से एक माह तक चलने वाले प्रसिद्ध मेले की व्यवस्था को लेकर शनिवार को डीएम मोनिका रानी ने सकुशल संपन्न कराने को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने पूरे मेला क्षेत्र की क्लोज सर्किट कैमरों से निगरानी के आदेश देते हुए कहा की लाखों की संख्या में आने वाले कि मेलार्थियों को कोई असुविधा न हो अधिकारी व दरगाह प्रबंध समिति इसका पूरा ख्याल रखें। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका परिषद व जल निगम को निर्देश देते हुए कहा कि संयुक्त रूप से मेला परिसर में उपलब्ध संसाधनों का सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि सभी इण्डिया मार्का-टू हैण्डपम्प व स्टैमपोस्ट चालू हालत में हों। मेला क्षेत्र में आग की घटनाओं के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी ने प्रबन्ध समिति को निर्देश दिया कि मेलार्थियों से अपील की जाये कि वह गैस सिलेंडर के साथ मेले में न आये और सभी दुकानदार बालू बकेट व पानी की बाल्टी जरूर रखेंगे। विद्युत विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए डी एम ने कहा कि मेला क्षेत्र में विद्युत का कोई वायर, पोल झूलता हुआ न रहे, इलेक्ट्रिकल मानकों का परीक्षण फुल प्रूफ व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सुरक्षा मानकों का अनुपालन कराने के उपरान्त ही सेफ्टी प्रमाण-पत्र जारी किये जायें।

मंदिर के चेंजिंग रूम में मिला कैमरा, महंत के पास लाइव फीड

गाजियाबाद। यूपी में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। शनि मंदिर के बाहर बने चेंजिंग रूम के ऊपर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ मिला है। इस कैमरे की लाइव फीड मंदिर महंत मुकेश गोस्वामी के मोबाइल पर थी। पुलिस को ऊपफसे महिलाओं के कपड़े बदलते हुए कुछ क्लिप्स भी मिली हैं। पुलिस ने फिलहाल कैमरे और उसका डीवीआर कब्जे में ले लिया है। महंत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, फिलहाल वो फरार है। गाजियाबाद में मेरठ रोड पर कस्बा मुरादनगर है। यहां से गंगनहर बहती है। लोग इसे छोटा हरिद्वार भी कहते हैं। इसी नहर किनारे शनि मंदिर भी बना हुआ है। हर रोज सैकड़ों लोग गंगनहर में स्नान करते हैं और मंदिर के दर्शन करते हैं। स्नान के बाद कपड़े बदलने के लिए एक चेंजिंग रूम शनि मंदिर घाट के ठीक बाहर बना हुआ है।

भू-माफिया से 1.20 करोड़ की जमीन मुक्त कराई

- अलीगढ़ में दिखाई थी किराए की रसीदें, जांच में निकली फर्जी; फिर चला बुलडोजर

अलीगढ़। अलीगढ़ में भू-माफिया के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। प्रशासन ने शनिवार को कोल तहसील में लंबे समय से भू-माफिया के कब्जे में चल रही 1.20 करोड़ कीमत की सरकारी जमीन को मुक्त कराया। जिलाधिकारी विशाख जी. के निर्देश के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर कार्रवाई की। डीएम के आदेश के बाद शनिवार को नायब तहसीलदार कोल प्रियंका शर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम तहसील के उखलाना गांव में पहुंची। इस दौरान टीम ने सरकारी जमीन से अवैध कब्जे को हटवाया और वहां मौजूद लोगों को हिदायद दी कि दुबारा अगर किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

ग्राम प्रधान ने की थी मामले की शिकायत : तहसील कोल के गांव उखलाना की प्रधान ललितेश चौहान ने गांव में सरकारी जमीन पर कब्जा होने की शिकायत प्रशासन से की थी। जिसके बाद मामले की जांच चल रही थी। वहीं जमीन पर कब्जा करने वाले आरोपी इस जमीन को पट्टे की और आवासीय बता रहे थे। लेकिन जांच में मामला फर्जी निकला। भू-माफिया ने गाटा संख्या 1549, रकवा 0.161 हेक्टेयर खतौनी में दर्ज 1610 वर्ग मीटर भूमि पर लंबे समय से कब्जा कर रखा था। जिसके राजस्व विभाग की टीम ने तत्काल कब्जे से मुक्त कराया और इसे विभाग के कब्जे में ले लिया। ग्राम प्रधान के जरिए इस जमीन की देखरेख की जाएगी, जिससे कि इस पर दुबारा कब्जा न हो। आरोपी भू-माफिया ने जमीन को अपना बताया था और इसे पट्टे की बताते हुए फर्जी रसीदें भी पेश की थी। जब विभाग ने रसीदों की जांच की तो आवासीय पट्टे के रूप में मिली रसीदें फर्जी पाई गई। सरकारी रिकॉर्ड में यह जमीन बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। सरकारी रिकॉर्ड खंगालने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर बुलडोजर बुलाया और जमीन पर हुए अवैध निर्माण को तत्काल ढ़हा दिया।

अम्बेडकरनगर सीट पर मतदान समाप्त

61.54 प्रतिशत वोट पड़े, सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा की पुलिस से झड़प

अम्बेडकरनगर। अम्बेडकरनगर में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त हो गया है। यहां 6 बजे तक 61054% वोटिंग हुई। सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने भी वोट डाला। उनकी पुलिस से झड़प भी हो गई। आरोप है कि पुलिस इनके करीबी पूर्व ब्लॉक प्रमुख लवकुश वर्मा के घर पूछताछ करने गई थी। लवकुश वर्मा से कल पैसे की बरामदगी हुई थी। यहां लालजी वर्मा भी पहुंच गए। उनकी पुलिस से झड़प हो गई। उन्होंने पुलिस पर परेशान करने का आरोप लगाया। वहीं एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने कहा, सपा प्रत्याशी के आरोप निराधार है। अखिलेश यादव ने भी मामले को लेकर ट्वीट किया। इसे उन्होंने बीजेपी की हताशा बताया।

सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने कहा, मेरे लोगों को परेशान किया जा रहा है। जबकि प्रदेश स्तर के हिस्ट्रीशीटर कक्कू पांडेय खुलेआम घूम रहे हैं। मुझे हाउस अरेस्ट नहीं किया गया, मुझे प्रताड़ित किया गया।पुलिस मेरे कार्यकर्ता को घर-घर जाकर गाली दे रही है। धमकी दी जा रही है। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। मेरे कजिन लवकुश वर्मा को परेशान किया जा रहा है। बीजेपी प्रत्याशी रीतेश पांडेय ने बीएन इंटर कालेज बूथ पर वोट डाला। रीतेश पांडेय ने कहा, सपा प्रत्याशी अफवाह फैलाते रहते हैं। पिछले दो दिनों से समाजवादी पार्टी शराब पैसा बांट रही है। कई बार इलेक्शन कमीशन से शिकायत की गई, लेकिन कोई हल नहीं निकला। एक कार्यकर्ता पैसे के साथ पकड़े गए, ये पैसा बहुत ज्यादा था, लेकिन पुलिस ने केवल एक लाख दिखाया। एसओ अलीगंज ने शिथिलता बरती। मैं उनके निलंबन की मांग करता हूं। जिला प्रशासन ने ठोस कार्रवाई नहीं की।

अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलटी कार

बहराइच। बहराइच-गोंडा मार्ग पर स्थित नगरौर के पास शुक्रवार की देर रात एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने कार के अंदर फंसे एक ही परिवार के 4 लोगों को बाहर निकाला। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। एक महिला समेत दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पयागपुर थाना क्षेत्र में स्थित खुटेहना की रहने वाली रीना पाठक अपने परिवार के साथ जिला अस्पताल में भर्ती एक रिश्तेदार को देखने आ रही थी। कार जैसे ही देहात कोतवाली के नगरौर के पास पहुंची, तभी वो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में रीना समेत चार लोग घायल हो गए। लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाल पुलिस को सूचना दी । हादसे की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस से सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां पर सभी का इलाज चल रहा है।

नल पर पानी भरते युवक को लगा करंट

बहराइच। रानीपुर इलाके में स्थित एक ग्राम में आज सुबह एक ग्रामीण नल से पानी भरने जा रहा था। इसी दौरान जमीन में टूटे पड़े तार में करंट होने के कारण वो उसकी चपेट में आ गया। आस पास के लोगों ने लकड़ी के सहारे तार को हटा परिजनों को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से परिजन उसे लेकर स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। रानीपुर के मजरा छिटकुरी गांव के रहने वाले सुरेंद्र बहादुर सिंह (52) साल आज सुबह घर के सामने लगे नल से पानी लेने जा रहे थे। रास्ते में एक तार टूटा पड़ा था। जिसमें बिजली आपूर्ति हो रही थी। पानी भरने के दौरान वह तार के करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से ग्रामीण मौके पर ही गिर गया। लोगों ने तार को हटा कर उसे दूर किया।

घर में हत्या कर जंगल में फेंका शव

- अलीगढ़ में प्रेमी ने ही की थी विवाहित महिला की हत्या, पुलिस से बोला- करती थी ब्लैकमेल

अलीगढ़। अलीगढ़ जवां थाना क्षेत्र के मिजार्पुर रठ गांव में 7 मई को एक महिला का शव जंगल में मिला था। अब इस मामले में हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी महिला का प्रेमी है। उसने बताया कि महिला उसे बार-बार धमकी देती थी कि वो सारी बातें उसकी पत्नी को बता देगी। इसी बात से तंग आकर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसका गला घोंटा और शव को जंगल में फेंक दिया। दरअसल महिला का गांधीपार्क थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी और महिला दोनों पहले से ही शादीशुदा हैं। ऐसे में महिला प्रेमी को ब्लैकमेल भी करने लगी थी। हर दिन प्रेमी को धमकी देती थी कि संबंध के बारे में सारी बात उसकी पत्नी को बता देगी। प्रेमी आए-दिन महिला को मना करता था, कि ऐसा कुछ नहीं करना। लेकिन महिला नहीं मानती थी। इसी बात से तंग आकर उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पहले उसका गला घोंटा और फिर शव को जंगल में ले जाकर फेंक दिया था।

मथुरा से अलीगढ़ आई थी महिला : अलीगढ़ के इगलास नाम के गांव कालीजरी निवासी मनोज कुमार पुत्र महावीर प्रसाद का अलीगढ़ के बेगम बाग इलाके में घर है। कुछ सालों से अपनी पत्नी राधिका और दो बच्चों के साथ मथुरा में ही रह रहे थे। वह परिवार के साथ मथुरा में शिफ्ट हो गए थे, इसलिए अलीगढ़ के मकान को बेंचना चाहते थे। 2 मई को उनकी पत्नी मकान बेंचने के लिए अलीगढ़ आई थी। 4 मई को मनोज भी अलीगढ़ आए थे और एक दिन रुककर वापस चले गए थे। राधिका ने मकान बेंचकर आने की बात कही थी। 7 मई शाम 6 बजे तक उनकी पत्नी से बात होती रही थी। जिसके बाद फोन बंद हो गया था और 8 मई को उनका शव मिला। पहले शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। लेकिन सोशल मीडिया पर शव की फोटो देखकर मनोज अलीगढ़ आए थे और उन्होंने अपनी पत्नी को पहचान लिया था।

महिला की शिनाख्त होने के बाद पुलिस की जांच में गांधीपार्क के धनीपुर मंडी निवासी मूलचंद्र यादव पुत्र गंगा सहाय का नाम प्रकाश में आया था। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने सारी बात पुलिस के सामने कबूल की।

अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी पर मुकदमा

13 नामजद और कई अज्ञात पर केस, चौराहे पर इकट्ठी की थी भीड़

अमेठी। अमेठी में लोकसभा चुनाव बीतने के बाद भी नेताओं का जनसंपर्क अभियान जारी है। आज बिना अनुमति चौराहे पर भीड़ इकट्ठी कर लोगों से संवाद करना कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को महंगा पड़ गया। बाजार शुकुल थाने में तैनात दरोगा की तहरीर पर बाजार शुकुल थाने में प्रत्याशी समेत 13 नामजद और 20- 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई गई है। पूरा मामला बाजार शुकुल थाने के मंगरौली चौराहे का है, जहां आज सुबह कांग्रेस प्रत्याशी और लोगों से चुनाव को लेकर जनसंवाद करने लगे। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। आचार संहिता लागू होने के कारण बिना अनुमति भीड़ इकट्ठी करना कांग्रेस प्रत्याशी को महंगा पड़ गया। हल्का दरोगा वीरेंद्र कुमार पांडेय की तहरीर पर बाजार शुकुल थाने में 143/188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा समेत 13 नामजद हैं, जिसमें मजहर अहमद पुत्र अबरार, इकरार अहमद पुत्र अबरार, बेचू खान पुत्र दरगाही, इराफ पुत्र आसफ अहमद, सलमान अहमद पुत्र गुलाम नबी, रईस अहमद निवासी पूरे कुदावन, वासिफ निवासी मंगरौली, शाहिद पुत्र अमीन, इसराइल हक उर्फ.कलूट बाबू निवासी कासिमपुर, दानबाबू निवासी बलापुर, मेराज निवासी पुरे तालेबन, इब्राहिम गुर्जर निवासी मंगरौली समेत 20 से 25 लोग अज्ञात शामिल हैं।